


# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 12 नवंबर 2024
संवत 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष 12- मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 66 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 वायु प्रदूषण के कारण संकट में बचपन

टीम इंडिया दबाव में नहीं आस्ट्रेलिया की चिंता करो 6



फ़ैसला आपका है

घुसपैठियों को बसाना है
या
आदिवासियों को बचाना है

भरपूर भ्रष्टाचार
या
ईमानदार सरकार

आपस में बंटना है
या
एकजुट रहना है

रोटी बेटी माटी की पुकार
झारखंड में भाजपा सरकार

कमल का बटन दबाएं
भाजपा को जिताएं

भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश

मेट्रो Rays

## न्यूज ब्रीफ

### स्वीप कोषांग की बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों पर हुई चर्चा, दिये गये दिशा-निर्देश

**बोकारो :** स्वीप वार रूम में स्वीप कोषांग की बैठक निवार्ची पदाधिकारी चंदनकियारी सह वरीय नोडल पदाधिकारी प्रभास दत्ता ने की। बैठक में कोषांग के कर्मी/अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर आगे की रणनीति/योजना/कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा किया। स्वीप कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी ने जिले में संचालित निजी एवं सर्वजनिक कंपनियों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने की गति को बढ़ाने का निर्देश दिया। कहा कि मतदान दिवस के दिन पेड होली-डे का वृहद प्रचार करना है। उन्होंने सभी एजेंसियों/खेल संगठनों/आरडब्ल्यूएस आदि को स्वतंत्र राष्ट्रहित में विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने में अपनी सहभागिता निभाने को कहा। कहा कि इस बार जिला प्रशासन ने जिले का मतदान प्रतिशत 80 पार ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें सभी एजेंसियों एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने *एजेंसियों में कार्यरत अधिकारी/कर्मियों,उनके उपभोक्ताओं,विद्यालय के शिक्षक झ शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं अध्ययनरत भावी मतदाता (छात्र झ छात्राओं) के बीच मतदान के महत्व को बताने एवं मतदान दिवस के दिन मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित करने पर बल दिया। बैठक में आगामी 16 नवंबर को ईलेक्शन कार्निवल के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस बाबत संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा झ निर्देश दिया गया। उन्होंने नियमित मतदाता शपथ ग्रहण समारोह, टॉक शो, रन फॉर वोट कार्यक्रम आदि का आयोजन करने को कहा। मौके पर स्वीप के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहयोगी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत कोषांग के कर्मी/पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रचार के लिए हेलीकॉप्टर उड़ाने की नहीं दी अनुमति : कल्पना सोरेन

**चाईबासा :** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आयोग ने उनके चुनाव प्रचार के लिए हेलीकॉप्टर उड़ाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। कल्पना ने कहा कि कोई भी ताकत झारखंड में झामुमो को सत्ता में लौटने से नहीं रोक सकती। यह आरोप उन्होंने पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर निर्वाचन क्षेत्र के मौलानगर मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित करने के दौरान लगाया।

हालांकि, झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि ओडिशा के पास भारतीय वायुसेना के विमानों की आवाजाही के कारण हेलीकॉप्टर को घाटशिला में लगभग एक घंटे तक रोका गया था। इस मामले में एक अधिकारी को ड्यूटी से हटा दिया गया है।

कल्पना ने भाजपा पर भी साधा निशानाः चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नहीं चाहती कि लड़कियां शिक्षित हों और शारीरिक-मानसिक रूप से मजबूत हों। उन्होंने दावा किया कि यही कारण है कि भाजपा ने अपने शासनकाल में राज्य के स्कूलों को बंद कर दिया था। सिर्फ यह दिखावा किया कि वह झारखंड के लोगों की भलाई चाहती है।

गांडेय से विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा ने 20 साल तक राज्य में शासन किया, लेकिन आदिवासी समुदाय और उनके विकास के लिए कुछ नहीं किया। दूसरी तरफ, हेमंत सोरेन सरकार ने 40 लाख लोगों को पेंशन और 25 लाख लोगों को घर दिए।

अमीरों-व्यापारियों की पार्टी भाजपाः कल्पना

कल्पना सोरेन ने भाजपा को अमीरों और व्यापारियों की पार्टी बताया और कहा कि भाजपा आदिवासी शब्द से नफरत करती है। हमारी संस्कृति और पहचान को खत्म करना चाहती है। झामुमो नेता ने सवाल किया कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने आदिवासी धर्म 'सरना कोड' को अभी तक क्यों मान्यता नहीं दी। इस दौरान कल्पना सोरेन ने झामुमो-कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार सोना राम सिंकू को वोट देने की अपील की।

### भाजपा-राजग ने 20 साल तक झारखंड को लूटा : हेमंत सोरेन

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा नीत राजग पर 20 वर्षों तक राज्य को लूटने का आरोप लगाया और दावा किया कि यह झामुमो नीत सरकार ही है जिसने पिछले पांच वर्षों में लोगों को अधिकार और लाभ पहुंचाए।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा को राज्य से बाहर कर दिया जाएगा और इंडिया गठबंधन राज्य में फिर से सरकार बनाएगा। रांची जिले के सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा, आपके इस बेटे और भाई ने आपका बोझ अपने कंधों पर उठाया। भाजपा और राजग को बताना चाहिए कि उन्होंने झारखंड को लूटने के अलावा 20 साल में क्या किया। सोरेन ने सोमवार को कई रैलियों को संबोधित किया।

### झारखंड में भाजपा की सरकार बनते शुरू होगी हवाई जहाज : बिरंची नारायण

बोकारो : जनसंपर्क अभियान के तहत आज बोकारो विधानसभा के भाजपा कार्यकताओं ने चास प्रखंड बाधाडीह, बासा,गोपालपुर, बेलूट,मोडीडीह, कुम्हरी,सियरगाजरा, ब्राह्मण द्वारिका,पुपनकी, कदनागोरा में एनडीए प्रत्याशी बिरंची नारायण ने डोर टू डोर जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में 20 नवंबर को मतदान करने का आग्रह किया। बोकारो विधायक सह प्रत्याशी बिरंची नारायण ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने के 100 दिन अंदर बोकारो से हवाई जहाज उड़ान भरेगी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंडीपुर के विजय संकल्प सभा के माध्यम से बोकारो विधानसभा के कई योजनाओं का जिक्र किया। बोकारो मे ओएनजीसी प्लांट,रेलवे स्टेशन, टाउन हॉल, मेडिकल कालेज आदि शामिल है। हेमंत सरकार पर वादा खिलाफी, झूठे वादे, लुट, भय, अत्याचार से अविश्वास से आम जनता में रोष है। जिस वादे के साथ 2019 में सरकार बनी पांच साल पूरे हो गए मगर कोई भी जनता से किया गया वादा पूरा न कर सके। दिन प्रतिदिन प्रखंड हो या जिला या प्रदेश भ्रष्टाचार चरम सीमा पर। संतरी से मंत्री तक जेल जा चुके हैं। कुछ मंत्री अभी जेल में तो कोई आईएस अधिकारी जेल में। झारखंड की खनिजों की लूट मची जिसमे उनका परिवार के लोग भी शामिल हैं। बोकारो विधानसभा के जनता ने अपना मन बना चुके है कि राज्य में फिर से भाजपा की सरकार आए और जनहित कार्यों का काम पुनः शुरू हो ताकि राज्य का सर्वाधिक विकास हो और जरूरत मंदो को उनका हक अधिकार मिल सके। बोकारो भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि में अपने कार्यों को लेकर जनता के बीच आया हूं विगत 10 सालों में जो भी वादा किया उसे पूर्ण करने का कार्य किया और आगे भी करूंगा।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने कनारी पंचायत के विभिन्न ग्रामीण इलाके में किया जनसंपर्क

बोकारो : बोकारो विधानसभा इंडीया गठबन्धन प्रत्याशी श्वेता सिंह ने मेरा बोकारो मेरा अभिमान के नारे के साथ चुनाव निमित विस्थापित क्षेत्रों का प्रवास किया। बोकारो विधानसभा के कनारी पंचायत के अंतर्गत पोखरियाटॉंड़,सीमाटॉंड़,स्टेशन रोड,गड़िया घुट्ट,बोरवा टॉंड,विरसिंग डीह, नीचे टोला बरवा टॉंड, उपर झिगलप्पा, सिकारीडीह, बसियाडीह, बोदरो टॉंड़, कोचा कुल्ही, कनारी, मानगो पंचायत के अंतर्गत केवट टोला, क्लाली टोला,राम टोलामें सम्मानित जनता से मिलकर आगामी 20 नवंबर को बैलट नंबर 3 के सामने 'हाथ के निशान' पर बटन दबाकर कांग्रेस को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपील की।श्रीमती सिंह ने कहा कि पूर्व के 10 वर्षों में यहां के जनप्रतिनिधिगण विस्थापितों के समस्याओं को नजरअंदाज कर के चले हैं जिसके कारण यहां का विकास अधूरा रह गया है।

#### झरिया में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा

# भाजपा की सरकार बनाओ, जिन्होंने पैसा लूटा उन्हें उल्टा लटका देंग



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**झरिया :** गृह मंत्री अमित शाह ने झरिया विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज हमारे देश के महान नेता मदन मोहन मालवीय जी की पुण्यतिथि है। मालवीय जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में बहुत बड़ा योगदान दिया और साथ ही बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना भी की। मैं आज मालवीय जी को प्रणाम करके आप सबकी ओर से श्रद्धांजलि देता हूं। उन्होंने लोगों से कहा कि आने वाली 20 तारीख को आप सभी को वोट देना है। आपका एक एक वोट झारखंड का भविष्य तय करने वाला है।

शाह ने साफ तौर पर कहा कि आपका एक वोट तय करेगा कि खुद को करोड़पति-अरबपति बनाने वाला जेएमएम चाहिए, या गरीब माताओं को लखपति दीदी बनाने वाली नरेन्द्र मोदी की सरकार आपको चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस और जेएमएम के नेताओं से करोडों रुपये पकड़े गए हैं, ये सारे पैसे झरिया और धनबाद के युवाओं और माताओं-बहनों के हैं। आप भाजपा की सरकार बना दीजिए, हम इन करोडों रुपये लूटने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के गरीब आदिवासियों का, पिछड़ा वर्ग का और युवाओं का जो रुपया उन्होंने लुटा है, उसकी पाई-पाई उनसे वसूल करके झारखंड की तिजोरी में जमा की जाएगी।

कांग्रेस और जेएमएम पर हमला जारी रखते हुए शाह ने कहा कि इन्होंने ने 1 हजार करोड़ का मनरेगा घोटाला किया, भूमि घोटाला किया, खनन घोटाला किया, सेना की जमीन भी कब्जा ली, हजारों करोड़ का शराब का घोटाला किया। ये घोटाला करने वाली सरकार है। राहुल गांधी पर हमला करते हुए अमित शाह ने कहा कि राहुल बाबा खटाखट-खटाखट घोषणाएं करते हैं, जो पूरी नहीं होती। अब आप भी ना बोल रहे हैं और राहुल बाबा की पार्टी के अध्यक्ष खड़गे जी भी कह रहे हैं कि कुछ पूरा नहीं होने वाला। लेकिन मोदी की गारंटी पत्थर की लकीर होती है। एक-एक गारंटी को पूरा करने का काम हम करेंगे।

शाह ने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस आरक्षण विरोधी पार्टी है। ये देश के पिछड़ों, दलितों का आरक्षण समाप्त करके मुसलमानों को देना चाहते हैं। आप चिंता मत कीजिये, जब तक मोदी जी की सरकार है तब तक ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि उनका (जेएमएम-कांग्रेस) मानना ??है कि उन्होंने जनता का पैसा लूट लिया है और कुछ नहीं होगा। यहां भाजपा की सरकार बनाओ, जिन्होंने पैसा लूटा है उन्हें उल्टा लटका दिया जाएगा।

## चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री ने भाजपा नेताओं पर जमकर किया हमला



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिल्लीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिल्ली के रामपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।। इस दौरान उन्होंने कहा भाई अमित महतो क्रमांक संख्या 2 चुनाव चिन्ह तीर छाप पर बटन दबाए । मौके पर उन्होंने भाजपा पर जमकर प्रहार भी किया और कहा कि भाजपा नेताओं में सांप से भी ज्यादा जहर भरा हुआ है। गुजराती वाले व्यापारियों का फौज है और उनका दोस्त है सिल्ली के विधायक है । ये लोग महंगाई बढ़ाते है और हम महंगाई की मार से बचना चाहते हैं। व्यापारियों का अरबों रुपए माफ का पैसा है लेकिन किसानों गरीबों के लिए 1 रुपए नही। यह लोग बेटी रोटी और माटी की केवल बात करता है और हेमंत सोरेन जो बोलता है वो करता है हमने मैया योजना लाकर महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है कानून बना दिया है 1000 से बढ़कर दिसम्बर माह से 2500 मिलने लगेगा। बिजली 24 घंटा बिजली रहेगा और बिल कभी नहीं आएगा। उन्होंने कहा हम लोगों को आर्थिक बोझ से निजात दिलाना चाहते हैं आने वाले 5 सालों में झारखंड की महिलाएं पूरी तरह आत्मनिर्भर पर होगी सरकार प्रत्येक महिला को एक साल में 1 लाख देगी। भाजपा नेताओं पर जमकर भड़ास , कहा झारखंड के लोग बटेगा नहीं कूटेगाइस दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा के नेताओं पर जमकर भड़ास भी निकाली। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं में सांप से भी अधिक जहर भरा हुआ है। पिछले 5 वर्षों के कार्यकाल के दौरान केंद्र सरकार तमाम प्रकार के षड्यंत्र कर सरकार को गिरने के लिए लगातार प्रयास करती रही, झूठे आरोप में फंसाकर हमें जेल भी भेजा पर हम झुके नही। भाजपा वाले लोगों को बांटना चाहते हैं।लेकिन हम तो कहते हैं झारखंड के लोग बटेगा नहीं कूटेगा। उन्होंने गुजरात के बिलकिस बानो मामले का भी उल्लेख किया और कहा कि आरोपियों को पैरोल पर छोड़ा जाता चुनाव प्रचार के लिए।सीएम सोरेन ने कहा असम का मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा ने सरकार गिराने का सुपारी ले रखी है लेकिन उनको 23 तारीख को वापस असम भेज देंगें।

मंच पर भावुक दिखें हेमंत व अमित : हेमंत व अमित महतो ने कहा हेमंत भैया माफ कर दीजिए हमने 3 साल आपके लिए बहुत बुरा भला कहा लेकिन आप तो मेरे लिए भगवान तुल्य निकलें जीवन भर आपके साथ रहूंगा, ये वही जगह है जहां हम पर जानलेवा हमला हुआ था। वही सीएम सोरेन ने कहा बड़ा भाई होता ही है छोड़ा भाई का गलती माफ कर देने के लिए, उन्होंने कहा अमित महतो मेरा नाक कान और आँख है इन्हें रिकॉर्ड मतों से जिताए।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर याद किए गए मौलाना अबुल कलाम आजाद

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमाः** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ। मृदुला भगत सहित सभी सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षुओं ने उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। महाविद्यालय की बी।एड। सत्र 2024- 26 की प्रशिक्षु नंदनी कुमारी ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने अपने संबोधन में मौलाना अबुल कलाम आजाद के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदानों से सभी को अवगत कराया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ मनीष कुमार पासवान ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के महता पर विशेष बल देते हुए मौलाना अबुल कलाम आजाद के पदचिन्हों पर चलने की आग्रह किए।कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी। एड। सत्र 2023- 25 एवं 2024 - 26 के सभी प्रशिक्षु मो। समीउल्ला, गुलाब कुमार, गोपाल कुमार, लक्ष्मण कुमार, बैजनाथ महतो, रीता कुमारी, रेनू कुमारी, रिंकी कुमारी, पारुल कुमारी, सपना कुमारी, रोहित कुमार रौशन, ओशो अंशुमन, कुणाल कुमार, दीप्ति कुमारी, बुशरा अशरफ, प्रिया कुमारी, पारुल कुमारी, नेहा कुमारी, प्रिया रॉय आदि सहित महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा ,डॉ पंकज कुमार पांडेय, वीरेंद्र यादव, स्वर्ण सिंह, डॉ। पूजा कुमारी, मनीष कुमार सिन्हा, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, सीताराम यादव एवं चुन्नु कुमार सहित सभी शिक्षकेतर कर्मचारी सुचित कुमार, दीपक कुमार पाण्डेय, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक कुमार एवं ओंकार कुमार व अन्य उक्त अवसर पर उपस्थित रहे।

### नवादा देवी मंडप में 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का आयोजन

**डोमचांच :** प्रखंड अंतर्गत पुरनाडीह के नवादा गांव स्थित देवी मंडप प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित एवं पुजारी ने विधि विधान व पूजा अर्चना कर किया। मौके पर भजन मंडल की ओर से हरे राम हरे कृष्ण के गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उद। अखंड हरिकीर्तन में नवादा गांव के दर्जनों लोग बारी बारी से चार बार हेरे कीर्तन करेंगे वही अखंड हरिकीर्तन के समाप्ति अवसर पर महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय हो कि पिछले 36 वर्षों से यह आखंड हरिकीर्तन कार्यक्रम होता आ रहा है। मौके पर समिति के अध्यक्ष जगदीश महतों, केदार यादव, बंशी यादव, भुखन साव, सतीश यादव, अरुण यादव, प्रवीण कुमार, विजय साव, महादेव दास, जयराम दास, सरयू दान, पंकज दास, संतोष साव शंकर साव,अशोक साव सोनू साव, साव अजय यादव, विक्रम यादव, कृष्ण यादव, साजन यादव, वीरेंद्र साव, रौनक यादव, सुधीर विकास यादव, राजकुमार यादव, यादव, बलराम यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## डीडीसी ने वरिष्ठ मतदाताओं को दिया आमंत्रण पत्र

**बोकारो :** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 05 स्थित आशा लता केंद्र में स्वीप कोषांग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद शामिल हुए। उन्होंने मौके पर उपस्थित वरिष्ठ मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाता, फर्स्ट टाइम वोटर तथा ट्रांसजेंडर मतदाताओं को आगामी 20 नवंबर 2024 को मतदान करने हेतु आमंत्रण पत्र दिया गया। इस दौरान दिव्यांग मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करते हुए उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की समृद्धि के लिए मतदान करना आवश्यक हैं, लोकतंत्र में हर एक वोट महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा। मौके पर स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, आशालता केंद्र के निदेशक, शिक्षक एवं बीएलओं, महिला मतदाता आदि उपस्थित थे। वहीं, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेंदी चास में अभिभावकों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अभिभावकों को आगामी 20 नवंबर 2024 को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया तथा अपने के साथ साथ अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने हेतु कहा गया। उसी तरह नावाडीह प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत भवन, चंदनकियारी के बूथ संख्या 270, गोमिया के सारम पूर्वी एवं कसमार प्रखंड के खुटरी पंचायती में रात्रि चौपाल कार्यक्रम किया गया। जिसमें सभी संबंधित प्रखंडों के बीडीओ/सीओ शामिल हुए। ग्रामीणों को आगामी 20 नवंबर को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु सभी मतदाताओं को कहा। ताकि विधानसभा आम चुनाव, 2024 में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हो। वहीं, मध्य विद्यालय दुग्धा के बच्चों व शिक्षकों के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। यह रैली विद्यालय से शुरू होकर पंचायत भवन तक गया। इस दौरान सभी बच्चों ने 20 नवंबर को मतदान करने के लिए विभिन्न स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रामरुद्र उच्च विद्यालय चास में स्वीप जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता तथा अन्य कार्यक्रम किया गया।

## जनता विकास के लिए करें मतदानः कलीम मुल्ला

**बोकारो :** बोकारो विधानसभा चुनाव जहां मैदान में उतरे प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं और गांव, शहरो में जाकर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों से अपील कर रहे है एक तरफ मैदान उतारे प्रत्याशी जनता का विश्वास और भरोसा जीतने में लगे हैं वही अब एक दूसरे प्रत्याशी एक दूसरे पर कटाक्ष भी करने लगे हैं आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है वहीं जनता भी अपना-अपना विचार लोगों से साझा कर रही है इसी विचार को लेकर बोकारो निवासी समाजसेवी कलीम मुल्ला ने इस विधानसभा चुनाव को लेकर अपना विचार व्यक्त किया है उन्होंने बोकारो की जनता से ऐसे प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की लोगों से अपील की है जिससे बोकारो का विकास हो सके।उन्होंने कहा है कि बोकारो विधायक बिरेंची नारायण ने दस सालों में बोकारो का कोई भी ऐसा विकास नहीं किया है जिससे आम जनता एवं युवा को लाभ मिल सके अगर लाभ मिला है तो खुद विधायक ने अपना लाभ लिया है कई गुना अपनी और अपनी पत्नि की संपत्ति को बढ़ाने में दिन दूनी रात चौगुनी का काम किये है। हवाई अड्डा,मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज या स्टेडियम तक नही खुलवा पाए दस सालों में उन्होंने जनता का कोई सौगात नहीं दिया बस लोगों को गुमराह कर हवाई अड्डा का सपना दिखाते रहे और लोगो को उडाते रहे अब कह रहे की फिर जनता का प्यार मिला तो अबकी बार हवाई अड्डा शुरू हो जाएगा और आम लोग भी इसका लाभ उठा पायेगें लेकिन जब वो दस साल में खुलवा नही पाए तो अब क्या खुलवा पायेगे जनता कैसे भरोसा करें ये बिरंची बाबु ही बताए अब कह रहे है की अबकी बार हो जाएगा। बस लोक लुभावन और लोगो को भ्रमित और झूठे वादे करने का काम कर रहे है। लोगो से अपील है की किसी भी लोक लुभावन के चक्कर में ना पड़े आपका मत बेशकीमती है सोच समझकर ही अपना मत ऐसे प्रत्याशी को दें जिससे बोकारो का विकास हो सके। एम्स की तरह बोकारो में भी अस्पताल बने इलाज के लिए लोगो को भटकना नही पडे, लोगो को रोजगार मिले, जो गांवो को पंचायत का दर्जा नही मिला उस गांव को पंचायत का दर्जा मिले वहा रहने वाले लोगो को सम्मान पूर्वक अधिकार मिले। जनता देख रही है की दस सालों में बोकारो का क्या विकास हुआ धरातल पर तो दिख नही रहा लेकिन शब्दो में विकास ही विकास दिख रहा है। समाजसेवी मोहम्मद कलीम मुल्ला ने स्वर्गीय समरेश सिंह की राजनीति को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पुत्रवधू के अंदर भी वही गुण हैं जो समरेश सिंह के थे बोकारो का विकास में समरेश सिंह का अहम योगदान है इसलिए जनता को एक बार सोचने की जरूरत है ऐसे प्रत्याशी को जिसे बोकारो का विकास हो इसलिए कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह पर एक बार भरोसा कर एक बार जिताने की आवश्यकता है।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा**
**(उत्पाद शाखा)**

**–:आदेश:–**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड, रॉंची के पत्रांक–01 / नि0(वि0स0)–16–23 / 24 / 5488 दिनांक–15.10.2024 एवं संयुक्त आयुक्त उत्पाद, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड, रॉंची के पत्रांक– 2207 दिनांक–18.10.2024 के द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में 59 तोरपा (ST), 70 सिमडेगा (ST) विधान सभा क्षेत्र तथा 71 कोलेबिरा (ST), विधान सभा क्षेत्रों में झारखण्ड विधान सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के अवसर पर सिमडेगा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा तथा मादक पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करते हुए झारखंड उत्पाद अधिनियम, 1915 की धारा 26(1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मैं अजय कुमार सिंह, भा0प्र0से0, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, सिमडेगा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135(ग) के आलोक में आदेश देता हूँ कि उक्त निर्वाचन के अवसर पर निम्नांकित अवधि हेतु मतदान क्षेत्रों में मतदान समाप्ति के लिये नियत समय के 48 घंटा पूर्व एवं मतगणना की तिथि को सम्पूर्ण सिमडेगा जिला में शुष्क दिवस (Dry Day) घोषित किया जाता है।

| | मतदान / मतगणना की निर्धारित तिथि | शुष्क दिवस | मतदान का क्षेत्र | शुष्क दिवस (ड्राई डे) की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण, निर्वाचन | 13.11.2024 | सम्पूर्ण सिमडेगा जिला | 59 तोरपा (ST), 70 सिमडेगा (ST) विधान सभा क्षेत्र तथा 71 कोलेबिरा (ST) विधान सभा क्षेत्र | दिनांक–11.11.2024 के 5:00 बजे अपराहन से दिनांक–13.11.2024 के अपराहन 5:00 बजे तक। |
| मतगणना | 23.11.2024 | सम्पूर्ण सिमडेगा जिला | – | सम्पूर्ण दिन (23.11.2024) |

शुष्क दिवस की उक्त अवधि में सिमडेगा जिले की सभी शराब दुकानें, होटल, सहित अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे तथा किसी प्रकार के होटल, भोजनालय, पाकशाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा, न परोसा जाएगा और न ही वितरित किया जायेगा।

ह0 /–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त,सिमडेगा

PR 340041 (Simdega)24-25*D



# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 12 नवंबर 2024

संवत 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष 12- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 66 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ वायु प्रदूषण के कारण संकट में बचपन

टीम इंडिया दबाव में नहीं आस्ट्रेलिया की चिंता करो ◂◂ 6







# विधानसभा की 43 सीटों पर वोटिंग कल, पोलिंग पार्टियां रवाना

■ फर्स्ट फेज में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सहित 683 कैंडिडेट्स, 235 करोड़पति, 174 पर क्रिमिनल केस ■ पांच विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कराने 8340 पोलिंग पार्टी रवाना





**मेट्रो रेज**

**रांची** : झारखंड विधानसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में कल 13 नवंबर को 15 जिलों की 43 सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें 1.37 करोड़ वोटर्स शामिल होंगे। पहले चरण में 43 विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग होगी। वहीं रांची में पहले चरण में पांच विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है। इसके लिए मोरहाबादी के फुटबॉल स्टेडियम अवस्थित डिस्पैच सेंटर से मंगलवार को पोलिंग पार्टी रवाना हुई। सभी को पारंपरिक तरीके से लोटा-पानी कर उनकी बूथों की ओर रवाना किया गया। पहले चरण में तमाड़, रांची, हटिया, कांके और मांडर विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है। पहले चरण में रांची के पांच विधानसभा क्षेत्रों के 2085 बूथों पर मतदान होना है। इन बूथों पर 8340 मतदान कर्मियों की तैनात होगी। इसमें तमाड़ में 1212, रांची में 1496, हटिया में 1984 , कांके में 1928 और मांडर में 1720 मतदान कर्मी होंगे।

989802 पुरुष और 995702 महिला मतदाता करेंगे मताधिकार का इस्तेमालः बता दें कि रांची जिला के 88 बूथों पर सुबह 7 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा, जिसमें तमाड विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 57, कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 21 और मांडर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 10 मतदान केंद्रों पर वोटिंग होगी। रांची जिला में पहले चरण में 19,85,583 मतदाता हैं, जिसमें 989802 पुरुष और 995702 महिला मतदाता हैं। वहीं तमाड़ में 2,18,637, रांची में 3,79,039, हटिया में 5,26,189 , कांके में 4,81,815 और मांडर में 3,79,903 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## अवैध बांग्लादेशियों पर कार्रवाई

## घुसपैठ को लेकर ईडी की झारखंड-पश्चिम बंगाल में छापेमारी



**रांचीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बांग्लादेश से लोगों के संदिग्ध अवैध प्रवेश से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को चुनावी राज्य झारखंड और पश्चिम बंगाल में एक अभियान शुरू किया। प्रत्येक राज्य में सात स्थानों को कवर करने वाले ऑपरेशन, झारखंड के आदिवासी इलाकों, मुख्य रूप से संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों में जनसंख्या अनुपात में कथित बदलाव के संबंध में चल रही जांच का हिस्सा हैं। ये क्षेत्र संदिग्ध अवैध आप्रवासन को लेकर राजनीतिक विवाद के केंद्र में आ गए हैं। छापेमारी का समन्वय झारखंड की प्रवर्तन शाखा कर रही है और इसे लेकर राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य भाजपा नेताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार पर राज्य में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को अनुमति देने का आरोप लगाया, उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वदेशी जनजातियों की भूमि पर अतिक्रमण किया है। चुनावों से पहले, भाजपा नेताओं ने दावा किया है कि इस तरह की घुसपैठ से क्षेत्र की संस्कृति और जनसंख्यिकी को खतरा है। ईडी की कार्रवाई जून में रांची के बरियातू पुलिस स्टेशन में झारखंड पुलिस द्वारा दर्ज एक एफआईआर द्वारा शुरू की गई धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के विभिन्न प्रावधानों के तहत प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दाखिल करने के बाद आती है। यह झारखंड और उसके पड़ोसी क्षेत्रों में बांग्लादेशी नागरिकों की अवैध घुसपैठ के मामलों से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच से संबंधित है।

छह बांग्लादेशी नागरिकों, जिनमें तीन ट्रांसजेंडर शामिल थे, को पश्चिम त्रिपुरा में एक रेल टर्मिनल पर हिरासत में ले लिया गया था, क्योंकि वे कथित तौर पर मुंबई की यात्रा की तैयारी कर रहे थे। इन गिरफ्तार व्यक्तियों के सहयोगियों और कुछ जांच एजेंसियों के भीतर विभिन्न अन्य घटनाओं ने बांग्लादेश से लोगों की तस्करी की समस्या को रेखांकित किया है।

## विभागीय कार्यवाही में नियमों का हो पालन, दोषी के खिलाफ सबूत जरूरी : हाईकोर्ट




**रांचीः** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि विभागीय कार्यवाही में स्थापित नियमों का पालन करना चाहिए और अपराधी के खिलाफ सबूत भी साबित होना चाहिए। दरअसल पूर्व ब्लॉक शिक्षा विस्तार अधिकारी जगदीश पासवान पर 4 लाख 36 हजार रुपये की वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए विभागीय जांच की गयी थी। विभागीय जांच के बाद जगदीश पासवान को दोषी पाते हुए बर्खास्त कर दिया गया। विभागीय जांच और बर्खास्तगी के निर्णय को उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। उनकी याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक की कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के बारे में विभागीय जांच रिपोर्ट में जिस वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाकर उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था, उसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि आरोप साबित करने के लिए क्या तथ्य हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि जांच अधिकारी ने आरोपों को पुष्ट करने के लिए किसी गवाह की जांच किये बिना याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोपों को सिद्ध घोषित कर दिया। केवल दस्तावेज प्रस्तुत करना आरोपों को स्थापित करने के लिए अपर्याप्त था, जब तक कि कोई गवाह गवाही न दे। वहीं राज्य सरकार के अधिवक्ता ने कहा कि विभागीय कार्यवाही विधिवत रूप से की गयी थी, जांच अधिकारी ने आरोपों को सिद्ध पाया था और याचिकाकर्ता को दूसरा कारण बताओ जवाब प्रस्तुत करने का मौका भी दिया गया था। लेकिन कोर्ट ने यह पाया कि गवाहों की जांच के बिना केवल दस्तावेज प्रस्तुत किये गये थे, जो आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं थे।

## ईडी जांच में खुलासा : अवैध बालू खनन से 210.68 करोड़ राजस्व का हुआ नुकसान

**रांचीः** 210.68 करोड़ रुपए के सरकारी राजस्व का नुकसान हुआ है। ईडी की जांच में इस बात का खुलासा हुआ है। इस मामले को लेकर ईडी ने धनबाद के रहने वाले पुंज कुमार सिंह, अशोक कुमार और सुदामा कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। ईडी ने बिहार पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर मेसर्स ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ जांच शुरू की। पुंज कुमार सिंह मुख्य रूप से धनबाद में ब्रॉडसन कंपनी की तरफ से बालू खनन का कारोबार देखता है और वह इस कंपनी का पूर्व निदेशक भी रह चुका है। अवैध बालू खनन कारोबार में एक सिंडिकेट था सक्रियः आरोप लगाया गया है कि मेसर्स ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड खनन प्राधिकरण, बिहार द्वारा जारी विभागीय प्री-पेड परिवहन ई-चालान का उपयोग किये बिना अवैध रेत खनन और रेत की बिक्री में शामिल रही है।

# कंटेनर से टकराने के बाद पेड़ में घुसी कार, छह युवक-युवतियों की मौत



**देहरादून :** उत्तराखंड के देहरादून में एक सड़क हादसे में छह युवक-युवतियों की मौत हो गई। कंटेरनर से टकराने के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में एक शख्स घायल भी हुआ है। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में ले लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

हादसा कैंट क्षेत्र में ओएनजीसी चौक के पास देर रात हुआ। इनोवा कार पहले कंटेनर और फिर पेड़ से टकरा गई। पुलिस के अनुसार, कार किशननगर चौक से रही थी और ओएनजीसी चौक पर कार ने कंटेनर को टक्कर मारी। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर के पीछे कार का बोनट ही चिपक गया। इसके बाद कार गलत दिशा में करीब 100 मीटर पर एक पेड़ से टकराई। हादसे में कार सवार छह युवक-युवतियों की मौत हो गई। हादसे में कुछ के शरीर के चिथड़े उड़ गए। मृतकों की पहचान गुनीत उम्र 19 वर्ष निवासी जीएमएस रोड, कुणाल उम्र 23 वर्ष वर्तमान निवासी राजेन्द्र नगर मूल निवासी चंबा हिमाचल प्रदेश, नव्या गोयल उम्र 23 वर्ष निवासी तिलक रोड, अतुल अग्रवाल उम्र 24 वर्ष निवासी कालिदास रोड, कामाक्षा उम्र 20 वर्ष निवासी कांवली रोड और ऋषव जैन निवासी राजपुर रोड के रूप में हुई है। सिधेश अग्रवाल उम्र 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल है।

## टीला धंसने से चार महिलाओं की मौत-कई गंभीर

### धार्मिक कार्यक्रम के लिए मिट्टी खोदने गयी थी महिलाएं

**कासगंज :** उत्तरप्रदेश के कासगंज जिले में धार्मिक कार्यक्रम के लिए मिट्टी लाने गई महिलाओं के साथ बड़ा हादसा हो गया। खुदाई दौरान टीला धंस गया, जिसकी चपेट में कई महिलाएं आ गईं। इनमें से 4 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि कई घायल हैं। सीएम योगी ने इस पूरे मामले का संज्ञान लिया और अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए।



बता दें कासगंज में एक सत्संग कार्यक्रम चल रहा है। जिसके लिए करीब एक दर्जन महिलाएं टीले से मिट्टी लाने पहुंची थी। जब उन्होंने मिट्टी के टीले से खुदाई शुरू की तो अचानक ही टीला धंस गया। घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोग तुरंत पहुंचे और उन्होंने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। जबतक पुलिस और रेस्क्यू टीम पहुंची तब तक ग्रामीणों ने मलबे में फंसी सभी महिलाओं को निकाल लिया। रेस्क्यू के बाद घायल महिलाओं को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चार महिलाओं को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में 5 अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनमें से दो की हालत नाजुक होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## जकड़ में आतंकवादी

**कनाडा** के हिन्दू मंदिर में हिंसक प्रदर्शन और हमला करने के मामले में कनाडा पुलिस ने अर्शदीप गिल उर्फ डल्ला को गिरफ्तार किया है। ड़ल्ला भारत में प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स से जुड़ा है। वह कनाडा से यहां पंजाब में आतंकवाद को मजबूत करने का काम कर रहा था। उस पर पंजाब के अलावा हरियाणा व अन्य राज्यों में भी गैंगेस्टरों को संचालित करने का आरोप है। जनवरी 2023 में भारत के गृह मंत्रालय की ओर से उसे आतंकी घोषित किया जा चुका है। उसके सात सौ से ज्यादा शूटर्स इस वक्त सक्रिय हैं। भारत में कई आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के बाद वह अपनी बीवी के साथ कनाड़ा भाग गया था। वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए भी काम करता है। देश में बड़ा अपराध करने वालों पर इनाम घोषित किया जाता है। किसी भी अपराधी के आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने पर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आतंकी घोषित किया जाता है। ऐसे अपराधियों के विदेश भाग जाने या न पकड़े. जाने पर सीबीआइ,आईबी व एनआईए की संस्तुति पर उसके खिलाफ इंटरपोल की मदद से रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है। जब ऐसा अपराधी पकड़. में नहीं आता तो सीआरपीसी की धारा 82 के तहत फरार की घोषणा की जाती है  जिसे आम बोलचाल की भाषा में भगोड़ा कहा जाता है। फरार आरोपी की संपत्ति भी कुर्क करने का प्रावधान है। अर्श पंजाब के ड़ाला गांव का रहवासी है  शुरूआत में वह सिर्फ चोरी करता था। बाद में किडनैपिंग व हत्याओं में शामिल हो गया। गैंगस्टर गोल्डी बराड़. के साथ जाने के बाद उसने पंजाब में आतंक फैलाना शुरू कर दिया है। इसीलिए अर्श की गिरफ्तारी भारती की सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी जीत है। एनआईए के मुताबिक अर्श अन्य गैंगस्टरों के साथ मिलकर टेररझ्रनेटवर्क चलाता है। वह पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियारों की तस्करी का काम भी करता है। उसका नेटवर्क कनाडा , अमरीकाझ्र दुबई से लेकर थाईलड मिडिल ईस्ट तक फैला हुआ है। देश की कई प्रमुख हस्तियों का भी वह हत्यारा बताया जाता है। ऐसे में कनाड़ा पुलिस की गिरफ्त में आते ही उस पर कई देशों की पुलिस की नजर है। लारेंस विश्नोई का कट्टर विरोधी होने के कारण उस पर आतंकियों की नजर भी बनी हुई है। कई बार ये हत्यारे गैंगवार का भी शिकार हो जाते हैं। अब उम्मीद की जा सकती है कि उसे अपने अपराधों की उचित व कड़ी सजा मिल सके।

## बदलनी होगी दिल्ली की 'हवा'

**दिल्ली** में प्रदूषण वाकई में डरावनी शक्ल अख्तियार किए हुए है। पिले महीने से हवा की  खराब' और अत्यंत खराब' श्रेणी की गुणवत्ता से हर कोई हलकान है। वैसे यह दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए नई बात नहीं है। प्रदूषण के कहर से यहां के रहवासी वर्षों से परेशान-हलकान रहे हैं। हास्यास्पद यह कि तमाम उपायों पर हर साल गंभीर बहस होने के बावजूद इस दिशा में रत्ती भर भी बेहतरी नहीं हुई है। कभी पराली को प्रदूषण का दोषी माना जाता है तो कभी पटाखों को तो कभी वाहन को। इसी तरह कभी ग्रैप लागू करने की कवायद होती है तो कभी  सिग्नल ऑन गाड़ी ऑफ' का शिगूफा जाता है। आलम यह है कि दिल्ली व उससे सटे एनसीआर यानी नोएडा, गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा में रहने वाले ज्यादातर लोगों को सर्दी, खांसी और बुखार जैसी समस्याएं होने लगी है। इस समय हर कोई जहरीली हवा में सांस लेने पर मजबूर है, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ रही है। वायु गुणवत्ता 400 के पार जा चुकी है। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में वायु गुणवत्ता 300 के पार है। वहीं दूसरी तरफ यमुना प्रदूषण भी एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। स्वाभाविक है हर किसी की सेहत पर प्रदूषण का साया है। सरकार की कवायद से  प्रदूषण कम होता है,मगर स्थायी तौर पर इससे बचाव के उपाय न तो तलाशे जाते हैं और न मुकम्मल तौर पर उपाय दिखते हैं। दिल्ली के अंदर करीब 28,500 किलोमीटर की सड़कें हैं और सड़कों से ज्यादा गड्ढे हैं। लाजिमी है कि इन गड्ढों से धूल प्रदूषण बढ़ता है। प्रदूषण के दो ही कारण हैं, एक कारण प्रकृति निर्मित है और दूसरा मानव निर्मित। दिल्ली में प्रदूषण प्रमुखतया मानव निर्मित है। यही वजह है कि यह बहुत ज्यादा है। और जब तलक सोर्स ऑफ पॉल्यूशन को खत्म नहीं किया जाएगा तब तलक सारे उपाय धरेझ्रकेझ्रधरे रह जाएंगे। हालांकि कमोबेश दिल्ली जैसी स्थिति हर बड़े.यहां तक कि शहरों में दिखती है। अब शायद ही कोई शहर बचा हो जहां प्रदूषण की मार नहीं पड़ती है। अदालत की नाराजगी से सरकारी मशीनरी कु। दिनों के लिए क्रियाशील हो तो जाती है, मगर कु। दिनों बाद हालात फिर से पहले की तरह हो जाते हैं। अगर हमें साफ-सुथरी हवा में सांस लेना है तो बिल्कुल अनुशासित तरीके से रहने की आदत सीखनी होगी। इसके बिना गुजारा संभव नहीं है।

# वायु प्रदूषण के कारण संकट में बचपन

वयस्कों की तुलना में ोटे बच्चे ज्यादा तेज गति से सांस लेते हैं, जिससे उनके शरीर में प्रदूषण के कण तेजी से तथा ज्यादा मात्रा में चले जाते हैं। इसी कारण वायु प्रदूषण ोटे बच्चों को बहुत जल्दी अपनी चपेट में लेता है और उनमें अस्थमा से लेकर फेफड़ों के संक्रमण तक कई बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण से बच्चों के मस्तिष्क और दूसरे अंगों पर भी प्रभाव पड़ता है। देश की राजधानी दिल्ली हो या देश के अन्य प्रदूषित इलाके, ोटे- ोटे बच्चे वायु प्रदूषण की चपेट में सबसे ज्यादा आ रहे हैं।

**योगेश कुमार गोयल**

देश के कई इलाकों में इन दिनों वायु प्रदूषण को लेकर स्थिति बहुत विकराल है। दिल्ली और आसपास के कई क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की समस्या बेहद गंभीर बनी हुई है, जहां कु। जगहों पर एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 400 के पार है, जबकि यह 50 से कम रहना चाहिए। मौसम में ठंड की शुरूआत होते ही यह हर साल की कहानी है। हाल ही में नीदरलैंड के एल्सेवियर जर्नल में प्रकाशित हुए आईआईटी दिल्ली के वायुमंडलीय विज्ञान अध्ययन केंद्र द्वारा किए गए अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि दिल्ली में जून और अक्तूबर में प्रदूषण बाहरी कारकों से होता है, लेकिन सर्दियों में गंभीर प्रदूषण के लिए 72 प्रतिशत प्रदूषकों में स्थानीय कारक शामिल होते हैं। ऐसे में प्रदूषण कम करने के लिए समग्र योजना बनाने की जरूरत पर जोर दिया गया है। वैसे वायु प्रदूषण अब एक वैश्विक समस्या बन चुका है, जिससे कई प्रकार की खतरनाक बीमारियां जन्म ले रही हैं और लाखों लोग असमय ही काल के ग्रास बन रहे हैं। वर्ल्ड हेल्थ फेडरेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक पि ले एक दशक में वायु प्रदूषण के कारण दिल की बीमारियों से होने वाली मौतों में करीब 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार हवा में ोटे प्रदूषक (अदृश्य कण) हृदय की लय, रक्त के थक्के जमने, धमनियों में प्लाक बनने और रक्तचाप को प्रभावित कर रहे हैं। वायु प्रदूषण का खतरा सबसे ज्यादा ोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर बना है क्योंकि वे बहुत संवेदनशील होते हैं और जहरीली हवा की चपेट में जल्दी आते हैं।

दरअसल वयस्कों की तुलना में ोटे बच्चे ज्यादा तेज गति से सांस लेते हैं, जिससे उनके शरीर में प्रदूषण के कण तेजी से तथा ज्यादा मात्रा में चले जाते हैं। इसी कारण वायु प्रदूषण ोटे बच्चों को बहुत जल्दी अपनी चपेट में लेता है और उनमें अस्थमा से लेकर फेफड़ों के संक्रमण तक कई बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण से बच्चों के मस्तिष्क और दूसरे अंगों पर भी प्रभाव पड़ता है। देश की राजधानी दिल्ली हो या देश के अन्य प्रदूषित इलाके, ोटे- ोटे बच्चे वायु प्रदूषण की चपेट में सबसे ज्यादा आ रहे हैं। हवा में बढ़ती नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें और प्रदूषक कण बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालते हैं। प्रदूषित हवा में जो जहरीले 2.5 नैनोपार्टिकल होते हैं, वे ोटे बच्चों के फेफड़ों की गहराई तक पहुंचकर उन्हें बीमार बना रहे हैं। वायु प्रदूषण ोटे बच्चों की श्वसन प्रणाली को बहुत जल्द अपनी चपेट में लेता है, जिससे उनका इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक के अनुसार, बच्चों में प्रदूषित हवा के कारण निमोनिया, फेफड़ों की समस्याएं, कमजोर दिल, ब्रोंकाइटिस, साइनस और अस्थमा जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। प्रदूषित हवा के कारण फेफड़े कमजोर होने से बच्चे अन्य बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। वायु प्रदूषण के कारण समय पूर्व प्रसव या फिर कम वजन वाले बच्चे पैदा होते हैं और ये दोनों ही शिशुओं की मृत्यु के प्रमुख कारण हैं। अत्यधिक प्रदूषण में पलने वाले बच्चे अगर बच भी जाते हैं, तब भी उनका बचपन अनेक रोगों से घिरा रहता है। बच्चों पर वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों को लेकर दुनियाभर में समय-समय पर परेशान करने वाली रिपोर्टें सामने आती रही हैं। किसी नवजात का स्वास्थ्य किसी भी समाज के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होगा है, लेकिन बेहद चिंताजनक स्थिति है कि कई अध्ययनों में बताया जा चुका है कि गर्भ में पल रहे शिशुओं पर भी वायु प्रदूषण का घातक असर पड़ता है। एम्स द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार वायु प्रदूषण गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए बहुत ज्यादा खतरनाक है। अधिक प्रदूषित क्षेत्रों में रह रही माताओं के नवजात शिशु के फेफड़े सिकुड़ने का भी खतरा होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक वायु प्रदूषण बच्चों के दिमाग को भी कमजोर कर रहा है।

यूनीसेफ की  डेंजर इन एयर रिपोर्ट के अनुसार भी बढ़ता प्रदूषण दिमाग को खराब कर सकता है, जिससे बच्चों के दिमागी विकास पर असर पड़ता है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदूषित कण फेफड़ों के जरिये शरीर के कई दूसरे अंगों को भी नुकसान पहुंचाते हैं और कु। मामलों में ये बच्चों की दिमाग की कार्यप्रणाली पर भी असर डाल सकते हैं। हालांकि प्रदूषण का सीधा संबंध दिमाग की कार्यप्रणाली से नहीं है, लेकिन लंबे समय तक प्रदूषण रहने पर यह गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। बढ़ते प्रदूषण के कारण हवा में नाइट्रोजन, सल्फर जैसी विषाक्त गैसों का स्तर बहुत ज्यादा हो गया है और जब बच्चे सांस के जरिये इसी प्रदूषित हवा को अपने शरीर में लेते हैं तो इसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य और विकास पर पड़ता है। ये विषाक्त गैसें बच्चों के दिमाग तक पहुंचकर उनके मानसिक और बौद्धिक विकास को धीमा कर देती हैं। नॉर्थ कैरोलिना के ड्यूक विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने दो हजार से भी ज्यादा लोगों पर एक व्यापक अध्ययन किया और अध्ययन के दौरान बच्चों की मानसिक सेहत पर वायु प्रदूषण के प्रभावों का आकलन किया गया। कई दशकों के आंकड़ों का विश्लेषण करने पर अध्ययनकताओं ने पाया कि शहरों में प्रदूषित वायु और वायु प्रदूषण के बीच पलने-बढ? वाले बच्चों में वयस्कावस्था में मानसिक सेहत संबंधी विकार होने की संभावना सबसे ज्यादा होती है। बच्चों पर प्रदूषण के कहर को लेकर वैश्विक स्तर पर कई चिंता पैदा करने वाली रिपोर्टें आ चुकी हैं। यूनीसेफ द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया जा चुका है कि भारत में लगभग सभी स्थानों पर वायु प्रदूषण निर्धारित सीमा से अधिक है, जिससे बच्चे सांस, दमा तथा फेफड़ों से संबंधित बीमारियों और अल्प विकसित मस्तिष्क के शिकार हो रहे हैं। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु में से दस फीसदी से अधिक की मौत वायु प्रदूषण के कारण उत्पन्न होने वाली सांस संबंधी बीमारियों के कारण होती हैं। भारत में बच्चों के मस्तिष्क की कार्यप्रणाली वायु प्रदूषण के कारण प्रभावित हो रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण के कारण बच्चे मंदबुद्धि हो रहे हैं, जन्म के समय कम वजन के बच्चे पैदा हो रहे हैं। गर्भ में भी बच्चे वायु प्रदूषण के प्रभाव से अ ूते नहीं हैं, उनका तंत्रिका तंत्र प्रभावित हो रहा है।

बच्चों में सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं, उनमें दमा और हृदय रोगों के मामले बढ़ रहे हैं और वायु प्रदूषण के कारण हर साल लाखों बच्चों की मौत वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों के कारण हो रही हैं। डब्ल्यएचओ की एक रिपोर्ट में बताया जा चुका है कि दुनियाभर में पांच वर्ष से कम आयु के करीब ह लाख बच्चों की मृत्यु प्रतिवर्ष वायु प्रदूषण के कारण हो जाती है, जिनमें से एक लाख से भी ज्यादा बच्चे भारत के ही होते हैं। वायु प्रदूषण के कारण नवजात शिशुओं की सर्वाधिक मौतें अफ्रीका तथा एशिया में होती हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार विश्वभर में करीब 90 फीसदी बच्चे, जिनकी कुल संख्या लगभग 1.8 अरब है, ऐसे क्षेत्रों में रहते हैं, जहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर है।

भारत जैसे विकासशील देशों में तो स्थिति और भी खराब है, जहां करीब 98 प्रतिशत बच्चे अत्यधिक प्रदूषित माहौल में रहते हैं। यूनीसेफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक भी विश्वभर में करीब दो अरब बच्चे खतरनाक वायु प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहते हैं, जिनमें से 62 करोड़ दक्षिण एशियाई देशों में हैं। अमरीका के एक गैर सरकारी संगठन  हैल्थ इफैक्ट्स इंस्टीट्यूटझ्र (एचईआई) द्वारा वायु प्रदूषण के दुनिया पर प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट में बताया जा चुका है कि भारत में स्वास्थ्य पर सबसे बड़ा खतरा वायु प्रदूषण है।

# आर्य ही थे सरस्वती सिंधु सभ्यता के जनक...!

यज्ञ पूजा आर्यों के धर्म का एक प्रमुख अंग था । यहां यह बात उल्लेखनीय है कि इसी सभ्यता के सबसे बड़े पुरास्थल राखीगढ़ी (हरियाणा) से 20वीं शताब्दी के अंतिम दशक में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को कई यज्ञवेदियां उत्खनन में प्राप्त हुई थीं । इन यज्ञवेदियों की तिथि वर्तमान समय से 4500 वर्ष पूर्व की है । यह अवशेष इस बात को कहते हैं कि राखीगढ़ी व इस विशाल सभ्यता में निवासरत लोग वैदिक परम्परा के अनुयायी थे जिसका संबंध आर्यों से है । यह तो सर्वविदित है की आर्यों ने द्रुतगामी वाहन के तौर पर अश्व का उपयोग किया था । सरस्वती सिंधु सभ्यता के कई पुरास्थलों से हमें अश्व की हड्डियां व मृण्मूर्तियां प्राप्त हुई हैं । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की उत्खनन विवर्णिकाओं के अनुसार सुरकोटदा, लोथल, रंगपुर, राणाघुंडई, शिकारपुर, राखीगढ़ी, कुणाल आदि पुरास्थलों से अश्व के साक्ष्य विभिन्न स्वरूपों में प्राप्त हुए हैं ।

**शुभम केवलिया**

सरस्वती सिंधु नदी के किनारों पर पल्लवित हुई भारत की प्राचीनतम सभ्यता का आर्यों  से क्या संबंध था? यह एक ऐसा प्रश्न है जो 100 वर्षों से भारतीय इतिहास में सर्वाधिक चर्चित रहा है। मूल रूप से तो इस प्रश्न का उत्तर पुरातात्विक उत्खननों व उसके अध्ययन में निहित है। विगत तीन दशकों में हुई नवीन खोजों ने इस प्रश्न के उत्तर का मार्ग प्रशस्त करा है।

मानव सभ्यता का प्राचीनतम ग्रंथ जो ऋग्वेद के नाम से प्रसिद्द है, आर्यों का ही ग्रंथ है । ऋग्वेद के अध्ययन से यह स्पष्ट हो जाता है कि आर्यों की बसाहट वर्तमान समय में लुप्त हो चुकी सरस्वती नदी व सिंधु नदी के किनारों पर ही अवस्थित थी । कई इतिहासकारों का ऐसा मत है कि आर्यों का समाज पूर्ण रूपेण ग्रामीण समाज था, परन्तु यह तथ्य उल्लेखनीय है की ऋग्वेद में ग्राम शब्द से कई अधिक बार नगर शब्द का उल्लेख है।

### इतिहास और सभ्यता

ऋग्वेद के ही ठे मंडल के 46 वें सूक्त में एक ऐसे घर की कामना की गई है जो ईंटों का बना हो । इस प्रकार के घर तो उस काल में केवल सरस्वती व सिंधु नदी के किनारों पर ही अवस्थित थे । आर्य कोई ग्रामीण संस्कृति के वाहक नहीं थे । उनकी  सभ्यता में तो नगर व ग्राम दोनों का ही अस्तित्व था । हम सब जानते हैं कि यज्ञ पूजा आर्यों के धर्म का एक प्रमुख अंग था । यहां यह बात उल्लेखनीय है कि इसी सभ्यता के सबसे बड़े पुरास्थल राखीगढ़ी (हरियाणा) से 20वीं शताब्दी के अंतिम दशक में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को कई यज्ञवेदियां उत्खनन में प्राप्त हुई थीं । इन यज्ञवेदियों की तिथि वर्तमान समय से 4500 वर्ष पूर्व की है । यह अवशेष इस बात को कहते हैं कि राखीगढ़ी व इस विशाल सभ्यता में निवासरत लोग वैदिक परम्परा के अनुयायी थे जिसका संबंध आर्यों से है । यह तो सर्वविदित है की आर्यों ने द्रुतगामी वाहन के तौर पर अश्व का उपयोग किया था । सरस्वती सिंधु सभ्यता के कई पुरास्थलों से हमें अश्व की हड्डियां व मृण्मूर्तियां प्राप्त हुई हैं । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की उत्खनन विवर्णिकाओं के अनुसार सुरकोटदा, लोथल, रंगपुर, राणाघुंडई, शिकारपुर, राखीगढ़ी, कुणाल आदि पुरास्थलों से अश्व के साक्ष्य विभिन्न स्वरूपों में प्राप्त हुए हैं । अतः यह कहना की सरस्वती सिंधु सभ्यता में अश्व विद्यमान नहीं था तथा इस आधार पर उस सभ्यता को आर्यों से अलग कर देना तथ्यपरक नहीं है । इस सभ्यता में अश्व उपलब्ध था तथा इसके पर्याप्त पुरातात्विक प्रमाण हमारे पास उपलब्ध हैं । राखीगढ़ी से प्राप्त योनि आकार की यज्ञ वेदीः इतिहासकारों का यह मत था की सरस्वती सिंधु सभ्यता के पतन के पश्चात आर्य मध्य एशिया से भारत में आए थे पूर्ण रूपेण पूर्वाग्रह से ग्रसित है । अमेरिका के दो प्रसिद्द मानव वैज्ञानिकों ने अपने शोध के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है कि भारत में उत्तर पश्चिम क्षेत्र में वर्तमान समय से 6500 वर्ष पूर्व से 2800 वर्ष पूर्व के मध्य इस क्षेत्र में कोई डेमोग्राफिक डिसरप्शन हुआ ही नहीं है । अतः कु। विद्वानों का ऐसा कहना की आज से 3500 वर्ष पूर्व आर्य नामक लोग मध्य एशिया से भारत में आए थे वैज्ञानिक रूप से तथ्यहीन ही है ।

इतना ही नहीं सिनौली (बागपत) से उत्खनन में मिले 4000 वर्ष पूर्व के काष्ठ व ताम्र निर्मित रथ ने आर्य आगमन या आक्रमण के मिथक के ताबूत में अंतिम कील ठोकने का कार्य किया है । पूर्व में ऐसा कहा जाता था की 3500 वर्ष पूर्व आर्य ही भारत में रथ लेकर आए थे । उपरोक्त पुरातात्विक विवरण इस मत को बल प्रदान करते हैं की भारत की प्राचीनतम सरस्वती सिंधु सभ्यता के जनक व उसमे निवासरत लोग वैदिक परम्पराओं का अनुसरण करने वाले आर्य ही थे । भारतीय समाज के पूर्वज आर्यों को उस सभ्यता से अलग रखना व ऐसा कहना की वे तो मध्य एशिया से आए थे वैज्ञानिक और पुरातात्विक तथ्यों को दरकिनार करने जैसा है ।

# एक में ठहरो

## चिंतन-मनन

**ओशो**

नित्य का अर्थ होता है जो है भी और प्रतिक्षण नहीं भी होता रहता है। अनित्य का अर्थ नहीं होता कि जो नहीं है। जगत है भलीभांति है। उसके होने में कोई संदेह नहीं है। क्योंकि यदि वह न हो तो उसके मोह में  उसके भ्रम में भी पड़ जाने की कोई संभावना नहीं। और अगर वह न हो  तो उससे मुक्त होने का कोई उपाय नहीं। जगत है। उसका होना वास्तविक है  लेकिन जगत नित्य नहीं है  अनित्य है। अनित्य का अर्थ है प्रतिपल बदल जाने वाला है। अभी जो था क्षणभर बाद वही नहीं होगा। क्षणभर भी कु। ठहरा हुआ नहीं है। इसलिए बुद्ध ने कहा हैः जगत क्षण सत्य है। बस  क्षणभर ही सत्य रह पाता है। हेराक्लतु ने यूनान में कहा है  यू कैन नाट स्टेप ट्वाइस इन द सेम रिवर  एक ही नदी में दो बार उतरना संभव नहीं है। नदी बही जा रही है। ठीक ऐसे ही कहा जा सकता है यू कैन नाट लुक ट्वाइस द सेम वर्ल्ड , एक ही जगत को दोबारा नहीं देखा जा सकता। इधर पलक झपकी नहीं कि जगत दूसरा हुआ जा रहा है। इसलिए बुद्ध ने तो बहुत अदभुत बात कही है। बुद्ध ने कहा कि है शब्द गलत है। है का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। सभी चीजें हो रही हैं। है की अवस्था में तो कोई भी नहीं है। जब हम कहते हैं  यह व्यक्ति जवान है  तो है का बड़ा गलत प्रयोग हो रहा है। बुद्ध कहते थे यह व्यक्ति जवान हो रहा है। गति है प्रोसेस है। स्थिति कहीं भी नहीं है। एक आदमी को हम कहते हैं  यह का है। कहने से ऐसा लगता है कि का होना कोई स्थिति है जो ठहर गई है  स्टेगनेंट है। नहीं  बुद्ध कहते थे। यह आदमी का हो रहा है। है कि कोई अवस्था ही नहीं होती। सब अवस्थाएं होने की हैं। पहली बार जब बाइबिल का अनुवाद बर्मी भाषा में किया जा रहा था  तो बहुत कठिनाई हुई। क्योंकि बर्मी भाषा बर्मा में बौद्ध धर्म के पहुंचने के बाद धीरे- धीरे विकसित हुई है  तो बौद्ध चिंतन की जो आधारशिलाएं हैं  वे बर्मी भाषा में प्रवेश कर गयी। तो बर्मी भाषा में है' शब्द के लिए कोई ठीक-ठीक शब्द नहीं है। जो भी शब्द हैं,उनका मतलब होता है, हो रहा है। अगर कहें नदी है,तो बर्मी भाषा में उसका जो रूपांतरण होगा। वह होगा कि नदी हो रही है। और सब तो ठीक था, लेकिन बाइबिल के अनुवाद करने में ईश्वर का क्या करें? गॉड इज ईश्वर है। बर्मी भाषा में करें, तो उसका हो जाता है कि ईश्वर हो रहा है। बड़ी अड़चन थी। और बुद्ध कहते थे, कु। भी नहीं है सब हो रहा है।

## आपके पत्र

### बढ़ती कीमतों पर अब तो जागें सरकारें

अगर देश में कोई भी खाने की चीज, वो भी गरीब से गरीब के लिए भी रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली हो, महंगी हो जाए तो सरकारों को उसकी कीमत कम करने के उपाय प्राथमिक आधार पर करने चाहिए। विकास के वादे और दावे तब तक खोखले माने जा सकते हैं, जब तक देश में पैदा होने वाली चीजें महंगी होंगी। अब तो सरकारों को प्याज की बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए कुंभकर्णी नींद से जाग जाना चाहिए, क्योंकि कुछ राज्यों में इसकी कीमतें 100 रुपए के आसपास होने की खबरें भी आने लग पड़ी हैं। वैसे प्याज की कीमतें इससे पहले भी बढ़ती थी और इस पर खूब राजनीति भी होती आई है। प्याज पर ही नहीं, बल्कि हर तरह की महंगाई को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़े जाते हैं, लेकिन महंगाई के समाधान के लिए किसी भी राजनीतिक पार्टी की सरकार ने आज तक गंभीरता नहीं दिखाई।

**केसी राय,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### 1.52 रुपये हुआ जब्त



**साहिबगंज/बरहरवा :** दिन के करीब 4:00 के आसपास बंगाल झारखंड सीमा पर स्थित फरीदपुर चेकनाका में एस एस टी के दंडाधिकारी समीर कुमार मंडल के मौजूद मौजूदगी में एक लाख बावान हजार छाह सौ पाचास रुपया जब्त किए हैं। जानकारी देते हुए चेक नाका पर प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी समीर कुमार मंडल ने बताया कि चुनाव को लेकर नियमित रूप से वाहन चेकिंग कि जा रहा थी इसी दौरान श्रीकुंड की ओर से पश्चिम बंगाल की ओर जा रही थी तीन चक्का ऑटो संख्या डब्ल्यू बी 93/3611 को रोक कर जब तलाशी ली गई ।तो थैली के अंदर एक लाख बावान हाजर छाह सौ पाचास रुपया बरामद हुई।रुपया के बारे में जब गाड़ी के चलाक से पूछताछ की गई तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया तब पैसे को जब्त कर इसकी सूचना बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह को दे दी गई। जब्त की गई राशि के संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें : एसपी

**साहिबगंजः** जिले की विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था ,अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी अमित कुमार सिंह ने सोमवार को अपने कार्यालय में जिले के तमाम पुलिस पदाधिकारी व थाना प्रभारियों के साथ जिलास्तरीय एक बैठक की।इसी दौरान एसपी ने बीते माह में हुए अपराधिक गतिविधि, अपराधियों कि गिरफ्तारी एवं थाना में दर्ज मामले कि अनुसंधान कि समीक्षा किए। उन्होंने सभी थाना प्रभारी से कहा कि सभी थाना प्रभारी एक दूसरे का सहयोग करते हुए फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। फरार वारंटियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर जेल भेजे। विधानसभा चुनाव कुछ मद्देनजर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले लोगों पर कार्रवाई करें। अपने-अपने क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में जांच अभियान चलाते रहें। उन्होंने कहा कि बिहार पड़ोसी राज्य है अपराधी गंगा के रास्ते या फिर सड़क के मार्ग से बड़े आसानी से आ सकते हैं और इसी रास्ते से अवैध तस्करी भी कर सकते हैं। इसलिए सभी थाना प्रभारी गंगा एवं सड़क मार्ग के सीमावर्ती इलाकों में लगातार जांच अभियान चलाते रहे।मौके पर डीएसपी, एसडीपीओ, सहित जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

### पारिवारिक विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट

**साहिबगंजः** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज पारिवारिक विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसमें मानस कुमार,राजनंदनी कुमारी, मनोज कुमार घायल हो गए। सभी घायल इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे। घायल मानस ने बताया कि परिवार के ही गोतिया से पारिवारिक विवाद चल रहा है। सोमवार को अचानक मुन्ना सिंह ,बिक्कू सिंह सहित अन्य लोग आए और लाठी डंटे से मारपीट करने लगे जिससे हम सभी घायल हो गए। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### ग्रामीण इलाकों में गीदड़ ने तीन से चार लोगों को काटकर किया जख्मी

**साहिबगंजः** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में गीदड़ ने कई तीन से चार लोगों को काटकर जख्मी कर दिया। सभी जख्मी इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर सभी को एंटी रेबीज इंजेक्शन लेने को कहा। नाड़ी दियारा दुलारी हेंब्रम ने बताया कि दियारा क्षेत्र में खेत में काम कर रही थी तभी अचानक गीदड़ आया और झपट्टा मार कर जख्मी कर दिया। महेंद्र झा ने बताया कि रविवार रात्रि के समय घर के पास खड़ा था तभी अचानक कहीं से गीदड़ आया और झपट्टा मार दिया झपट्टा मारने से कुछ खरोचें लगी हैं। गीदड़ के हमले से छोटी कोदरजन्ना निवासी रुखसाना बीबी भी जख्मी है।

### पीएम ने भाजपा कार्यकर्ता से मोबाइल पर की बातचीत



**साहिबगंज :** सोमवार को साहिबगंज के एक भाजपा कार्यकर्ता से करीब 6 मिनट तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बातचीत कर विधानसभा चुनाव व झारखंड के चुनाव पर चर्चा किया। पीएम मोदी को फोन कॉल की दोपहर लगभग 12:30 बजे शहर के कॉलेज रोड टमटम स्टैंड के भाजपा सोशल मीडिया से जुड़े कार्यकर्ता पंकज मंडल से पीएम मोदी ने पंकज से बात शुरू की उन्होंने कहा कि आपको दिल में भाजपा को लेकर क्या है ।पंकज ने कहा कि अभी भाजपा सोशल मीडिया से जुड़े हैं। और भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। इसके बाद पीएम ने जानना चाहा कि झारखंड में युवा महिलाओं का भाजपा को लेकर क्या नजरिया है। इस दौरान पेपर लीक वाली बात भी कही इस पर पंकज मंडल ने हेमंत सरकार की कथित नाकामी इस चुनाव में बीजेपी संकल्प पत्र भी से जुड़े बातचीत की पंकज मंडल पीएम मोदी के साथ हुए संवाद में कभी काफी उत्साहित है।

### मुरली धर तिवारी ने चलाया जनसंपर्क अभियान व मांगा लोगों से आशीर्वाद



**साहिबगंज :** राजमहल विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी मुरली धर तिवारी ने श्रीधर जामनगर महादेवगंज, डेहरी, पुरानी साहिबगंज, तालबन्ना,आदि जगहों पर मुरली धर तिवारी ने जनसंपर्क चलाकर आशीर्वाद मांगा व अपने चुनाव निशान बांसुरी क्रम सङ्ख 11 पर दिनांक 20 को अधिक से अधिक मत देकर विजय घोषित करने की आग्रह की।वही श्री तिवारी ने कहा कि देव तुल्य नागरिकों का अपार समर्थन व प्यार मिल रहा है। मैं क्षेत्र में जीतकर आता हु तो विकास क्या होता है। दिखा कर रहूंगा आपका विधायक आपके द्वार पांच साल अनवरत चलता रहेगा मै अपने वेतन से आधा वेतन की राशि से अनाथ और वृद्धा आश्रम का सफल संचालन करूंगा क्षेत्र को जानलेवा व ज्वलंत समस्याओ से मुक्ति दिलवाने का कार्य करूंगा।इस अवसर पर स्वप्न कुमार,रतन कुमार,रवि,गौरव,शंकर मंडल,जया देवी,विवेक कुमार,राकेश सहित क्षेत्र की लोग उपस्थित हुए।

तुलसी शालिग्राम विवाह आज

# श्राप से मुक्ति के लिए भगवान विष्णु ने शालिग्राम स्वरुप में तुलसी से विवाह किया था

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** भगवान विष्णु के स्वरुप शालिग्राम और माता तुलसी के मिलन का पर्व तुलसी विवाह हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की उदयव्यापिनी एकादशी तिथि तथा कुछ प्रान्तों में कार्तिक शुक्ल द्वादशी के दिन भी मनाया जाता है। इस वर्ष 12 नवम्बर गुरुवार के दिन तुलसी शालिग्राम विवाह कराया जाएगा।पद्मपुराण के पौराणिक कथानुसार राजा जालंधर की पत्नी वृंदा के श्राप से भगवान विष्णु पत्थर बन गए ।जिस कारणवश प्रभु को शालिग्राम भी कहा जाता है और भक्तगण इस रूप में भी उनकी पूजा करते हैं.इसी श्राप से मुक्ति पाने के लिए भगवान विष्णु को अपने शालिग्राम स्वरुप में तुलसी से विवाह करना पड़ा था और उसी समय से कार्तिक मास के शुक्लपक्ष की एकादशी को तुलसी विवाह का उत्सव मनाया जाता है।पद्मपुराण के अनुसार कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की नवमी को तुलसी विवाह रचाया जाता है।इस दिन भगवान विष्णु की प्रतिमा बनाकर उनका विवाह तुलसी जी से किया जाता है. विवाह के बाद नवमी, दशमी तथा एकादशी को व्रत रखा जाता है और द्वादशी तिथि को भोजन करने के विषय में लिखा गया है। कई प्राचीन ग्रंथों के अनुसार शुक्ल पक्ष की नवमी को तुलसी की स्थापना की जाती है. कई श्रद्धालु कार्तिक माह की एकादशी को तुलसी विवाह करते हैं और द्वादशी को व्रत अनुष्ठान करते हैं।देवोत्थान एकादशी के दिन मनाया जाने वाला तुलसी विवाह विशुद्ध मांगलिक और आध्यात्मिक प्रसंग है। दरअसल, तुलसी को विष्णु प्रिया भी कहते हैं। देवता जब जागते हैं।तो सबसे पहली प्रार्थना हरिवल्लभा तुलसी की ही सुनते हैं। इसीलिए तुलसी विवाह को देव जागरण के पवित्र मुहूर्त के स्वागत का आयोजन माना जाता है। तुलसी विवाह का सीधा अर्थ है।तुलसी के माध्यम से भगवान का आहावान। कार्तिक, शुक्ल पक्ष, एकादशी को तुलसी पूजन का उत्सव मनाया जाता है। वैसे तो तुलसी विवाह के लिए कार्तिक, शुक्ल पक्ष, नवमी की तिथि ठीक है, परन्तु कुछ लोग एकादशी से पूर्णिमा तक तुलसी पूजन कर पाँचवें दिन तुलसी विवाह करते हैं। आयोजन बिल्कुल वैसा ही होता है, जैसे हिन्दू रीति-रिवाज से सामान्य वर-वधु का विवाह किया जाता है।देवप्रबोधिनी एकादशी के दिन मनाए जानेवाले इस मांगलिक प्रसंग के सुअवसर पर सनातन धर्मावलम्बी घर की साफ-सफाई करते हैं और रंगोली सजाते हैं।शाम के समय तुलसी चौरा के पास गन्ने का भव्य मंडप बनाकर उसमें साक्षात नारायण स्वरुप शालिग्राम की मूर्ति रखते हैं और फिर विधि-विधानपूर्वक उनके विवाह को संपन्न कराते हैं. मंडप, वर पूजा, कन्यादान, हवन और फिर प्रीतिभोज, सब कुछ पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ निभाया जाता है। इस विवाह में शालिग्राम वर और तुलसी कन्या की भूमिका में होती है। यह सारा आयोजन यजमान सपत्नीक मिलकर करते हैं। इस दिन तुलसी के पौधे को यानी लड़की को लाल चुनरी-ओढ़नी ओढ़ाई जाती है। तुलसी विवाह में सोलह श्रृंगार के सभी सामान चढ़ावे के लिए रखे जाते हैं। शालिग्राम को दोनों हाथों में लेकर यजमान लड़के के रूप में यानी भगवान विष्णु के रूप में और यजमान की पत्नी तुलसी के पौधे को दोनों हाथों में लेकर अग्नि के फेरे लेते हैं। विवाह के पश्चात प्रीतिभोज का आयोजन किया जाता है। कार्तिक मास में स्नान करने वाले स्त्रियाँ भी कार्तिक शुक्ल एकादशी को शालिग्राम और तुलसी का विवाह रचाती है। समस्त विधि विधान पूर्वक गाजे बाजे के साथ एक सुन्दर मण्डप के नीचे यह कार्य सम्पन्न होता है विवाह के स्त्रियाँ गीत तथा भजन गाती है।कार्तिक माह की देवोत्थान एकादशी से ही विवाह आदि से संबंधित सभी मंगल कार्य आरम्भ हो जाते हैं. इसलिए इस एकादशी के दिन तुलसी विवाह रचाना उचित भी है. कई स्थानों पर विष्णु जी की सोने की प्रतिमा बनाकर उनके साथ तुलसी का विवाह रचाने की बात कही गई है। विवाह से पूर्व तीन दिन तक पूजा करने का विधान है। नवमी,दशमी व एकादशी को व्रत एवं पूजन कर अगले दिन तुलसी का पौधा किसी ब्राह्मण को देना शुभ होता है। लेकिन लोग एकादशी से पूर्णिमा तक तुलसी पूजन करके पांचवे दिन तुलसी का विवाह करते हैं। तुलसी विवाह की यही पद्धति बहुत प्रचलित है।शास्त्रों में कहा गया है कि जिन दंपत्तियों के संतान नहीं होती,वे जीवन में एक बार तुलसी का विवाह करके कन्यादान का पुण्य अवश्य प्राप्त करें।तुलसी विवाह करने से कन्यादान के समान पुण्यफल की प्राप्ति होती है।कार्तिक शुक्ल एकादशी पर तुलसी विवाह का विधिवत पूजन करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।हिन्दुओं के संस्कार अनुसार तुलसी को देवी रुप में हर घर में पूजा जाता है. इसकी नियमित पूजा से व्यक्ति को पापों से मुक्ति तथा पुण्य फल में वृद्धि मिलती है. यह बहुत पवित्र मानी जाती है और सभी पूजाओं में देवी तथा देवताओं को अर्पित की जाती है। सभी कार्यों में तुलसी का पत्ता अनिवार्य माना गया है। प्रतिदिन तुलसी में जल देना तथा उसकी पूजा करना अनिवार्य माना गया है। तुलसी घर-आँगन के वातावरण को सुखमय तथा स्वास्थ्यवर्धक बनाती है।तुलसी के पौधे को पवित्र और पूजनीय माना गया है। तुलसी की नियमित पूजा से हमें सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

तुलसी विवाह के सुअवसर पर व्रत रखने का बड़ा ही महत्व है।आस्थावान भक्तों के अनुसार इस दिन श्रद्धा-भक्ति और विधि पूर्वक व्रत करने से व्रती के इस जन्म के साथ-साथ पूर्वजन्म के भी सारे पाप मिट जाते हैं और उसे



पुण्य की प्राप्ति होती है।एतभामांष्टक चैव स्त्रोतं नामर्थं संयुतम ।यः पठेत तां च सम्पूज्य सौश्रमेघ फलंलमेत।भगवान को लगाए गए भोग का प्रसाद के रूप में वितरण सुबह हवन करके पूणार्हुती करें । इसके लिए खीर , घी , शहद और तिल के मिश्रण की 108 आहुति देनी चाहिए। महिलाये तुलसी माता के गीत गाती है। उसी समय व्रत करने वाली के पीहर वाले कपड़े पहनाते है। इसी समय शालीग्राम व तुलसी माता को श्रद्धानुसार भोजन परोसकर भोग लगाना चाहिए , साथ में श्रद्धानुसार दक्षिणा अर्पित की जानी चाहिए। आपकी प्रसन्नता के लिए किये गए इस व्रत में कोई कमी रह गई हो तो क्षमा करें। अब आप तुलसी को साथ लेकर बैकुंठ धाम पधारें। आप मेरे द्वारा की गई पूजा से सदा संतुष्ट रहकर मुझे कृतार्थ करें। इस प्रकार तुलसी विवाह का परायण करके भोजन करें। भोजन में आँवला , गन्ना व बैर आदि अवश्य शामिल करें। भोजन के बाद तुलसी के अपने आप गिरे हुए पत्ते खाएँ, यह बहुत शुभ होता है। तुलसी और शालिग्राम का विवाह कराना विष्णु भगवान की भक्ति का एक रूप है।प्राचीन काल में जालंधर नामक राक्षस ने चारों तरफ बड़ा उत्पात मचा रखा था। वह बड़ा वीर तथा पराक्रमी था। उसकी वीरता का रहस्य था, उसकी पत्नी वृंदा का पतिव्रता धर्म। उसी के प्रभाव से वह सर्वजंयी बना हुआ था। जालंधर के उपद्रवों से परेशान देवगण भगवान विष्णु के पास गये तथा रक्षा की गुहार लगाई। उनकी प्रार्थना सुनकर भगवान विष्णु ने वृंदा का पतिव्रता धर्म भंग करने का निश्चय किया। उधर, उसका पति जालंधर, जो देवताओं से युद्ध कर रहा था, वृंदा का सतीत्व नष्ट होते ही मारा गया। जब वृंदा को इस बात का पता लगा तो क्रोधित होकर उसने भगवान विष्णु को शाप दे दिया, 'जिस प्रकार तुमने छल से मुझे पति वियोग दिया है, उसी प्रकार तुम भी अपनी स्त्री का छलपूर्वक हरण होने पर स्त्री वियोग सहने के लिए मृत्यु लोक में जन्म लोगे।' यह कहकर वृंदा अपने पति के साथ सती हो गई। जिस जगह वह सती हुई वहाँ तुलसी का पौधा उत्पन्न हुआ।एक अन्य प्रसंग के अनुसार वृंदा ने विष्णु जी को यह शाप दिया था कि तुमने मेरा सतीत्व भंग किया है। अतः तुम पत्थर के बनोगे। विष्णु बोले, 'हे वृंदा! यह तुम्हारे सतीत्व का ही फल है कि तुम तुलसी बनकर मेरे साथ ही रहोगी। जो मनुष्य तुम्हारे साथ मेरा विवाह करेगा, वह परम धाम को प्राप्त होगा।' बिना तुलसी दल के शालिग्राम या विष्णु जी की पूजा अधूरी मानी जाती है। शालिग्राम और तुलसी का विवाह भगवान विष्णु और महालक्ष्मी के विवाह का प्रतीकात्मक विवाह है।एक लड़की थी जिसका नाम वृंदा था राक्षस कुल में उसका जन्म हुआ था बचपन से ही भगवान विष्णु जी की भक्त थी।बड़े ही प्रेम से भगवान की सेवा,पूजा किया करती थी।जब वे बड़ी हुई तो उनका विवाह राक्षस कुल में दानव राज जलंधर से हो गया,जलंधर समुद्र से उत्पन्न हुआ था।वृंदा बड़ी ही पतिव्रता स्त्री थी सदा अपने पति की सेवा किया करती थी।एक बार देवताओ और दानवों में युद्ध हुआ जब जलंधर युद्ध पर जाने लगे तो वृंदा ने कहा - स्वामी आप युद्ध पर जा रहे है आप जब तक युद्ध में रहेगे में पूजा में बैठकर आपकी जीत के लिये अनुष्ठान करुगी,और जब तक आप वापस नहीं आ जाते में अपना संकल्प नही छोडूगी, जलंधर तो युद्ध में चले गये,और वृंदा व्रत का संकल्प लेकर पूजा में बैठ गयी,उनके व्रत के प्रभाव से देवता भी जलंधर को ना जीत सके सारे देवता जब हारने लगे तो भगवान विष्णु जी के पास गये।सबने भगवान से प्रार्थना की तो भगवान कहने लगे कि वृंदा मेरी परम भक्त है में उसके साथ छल नहीं कर सकता पर देवता बोले -भगवान दूसरा कोई उपाय भी तो नहीं है अब आप ही हमारी मदद कर सकते है।भगवान ने जलंधर का ही रूप रखा और वृंदा के महल में पँहुच गये जैसे ही वृंदा ने अपने पति को देखा,वे तुरंत पूजा मे से उठ गई और उनके चरणों को छू लिए,जैसे ही उनका संकल्प टूटा,युद्ध में देवताओ ने जलंधर को मार दिया और उसका सिर काटकर अलग कर दिया।उनका सिर वृंदा के महल में गिरा जब वृंदा ने देखा कि मेरे पति का सिर तो कटा पडा है तो फिर ये जो मेरे सामने खड़े है ये कौन है? उन्होंने पूँछा आप कौन हो जिसका स्पर्श मैने किया,तब भगवान अपने रूप में आ गये पर वे कुछ ना बोल सके,वृंदा सारी बात समझ गई,उन्होंने भगवान को श्राप दे दिया आप पत्थर के हो जाओ,भगवान तुरंत पत्थर के हो गये सबी देवता हाहाकार करने लगे लक्ष्मी जी रोने लगे और प्राथना करने लगे यब वृंदा जी ने भगवान को वापस वैसा ही कर दिया और अपने पति का सिर लेकर वे सती हो गयी।उनकी राख से एक पौधा निकला तब भगवान विष्णु जी ने कहा आज से इनका नाम तुलसी है,और मेरा एक रूप इस पत्थर के रूप में रहेगा जिसे शालिग्राम के नाम से तुलसी जी के साथ ही पूजा जायेगा और में बिना तुलसी जी के भोग स्वीकार नहीं करुगा.तब से तुलसी जी कि पूजा सभी करने लगे.और तुलसी जी का विवाह शालिग्राम जी के साथ कार्तिक मास में किया जाता है।देवउठनी एकादशी के दिन इसे तुलसी विवाह के रूप में मनाया जाता है।ऐसा माना जाता है। कि देवप्रबोधिनी एकादशी पर भगवान विष्णु चार माह की नींद के बाद जागते हैं। धार्मिक दृष्टिकोण से प्रचलित है कि जब विष्णु भगवान ने शंखासुर नामक राक्षस को मारा था और उस विशेष परिश्रम के कारण उस दिन सो गए थे, उसके बाद वह कार्तिक शुक्ल एकादशी को जागे थे, इसलिए इस दिन उनकी पूजा का विशेष विधान है।इस संबंध में एक कथा प्रचलित है।कि शंखासुर बहुत पराक्रमी दैत्य था इस वजह से लंबे समय तक भगवान विष्णु का युद्ध उससे चलता रहा। अंततः घमासन युद्ध के बाद भाद्रपद मास की शुक्ल एकादशी को भगवान विष्णु ने दैत्य शंखासुर को मारा था। इस युद्ध से भगवान विष्णु बहुत अधिक थक गए। तब वे थकावट दूर करने के लिए क्षीरसागर लौटकर सो गए। वे वहां चार महिनों तक सोते रहे और कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी को जागे। तब सभी देवी-देवताओं द्वारा भगवान विष्णु का पूजन किया गया। इसी वजह से कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की इस एकादशी को देवप्रबोधिनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन व्रत-उपवास करने का विधान है।एक बार भगवान विष्णु से उनकी प्रिया लक्ष्मी जी ने आग्रह के भाव में कहा हे भगवान, अब आप दिन रात जागते हैं। लेकिन, एक बार सोते हैं,तो फिर लाखों-करोड़ों वर्षों के लिए सो जाते हैं। तथा उस समय समस्त चराचर का नाश भी कर डालते हैं। इसलिए आप नियम से विश्राम किया कीजिए। आपके ऐसा करने से मुझे भी कुछ समय आराम का मिलेगा। लक्ष्मी जी की बात भगवान को उचित लगी। उन्होंने कहा, तुम ठीक कहती हो। मेरे जागने से सभी देवों और खासकर तुम्हें कष्ट होता है। तुम्हें मेरी सेवा से वक्त नहीं मिलता। इसलिए आज से मैं हर वर्ष चार मास वर्षा ऋतु में शयन किया करुंगा। मेरी यह निद्रा अल्पनिद्रा और प्रलयकालीन महानिद्रा कहलाएगी।यह मेरी अल्पनिद्रा मेरे भक्तों के लिए परम मंगलकारी रहेगी। इस दौरान जो भी भक्त मेरे शयन की भावना कर मेरी सेवा करेंगे, मैं उनके घर तुम्हारे समेत निवास करुंगा। तुलसी विवाह व्रत कथा प्राचीन ग्रंथों में तुलसी विवाह व्रत की अनेक कथाएं दी हुई हैं। उन कथाओं में से एक कथा निम्न है।इस कथा के अनुसार एक कुटुम्ब में ननद तथा भाभी साथ रहती थी. ननद का विवाह अभी नहीं हुआ था।वह तुलसी के पौधे की बहुत सेवा करती थी. लेकिन उसकी भाभी को यह सब बिलकुल भी पसन्द नहीं था।जब कभी उसकी भाभी को अत्यधिक क्रोध आता तब वह उसे ताना देते हुए कहती कि जब तुम्हारा विवाह होगा तो मैं तुलसी ही बारातियों को खाने को दूंगी और तुम्हारे दहेज में भी तुलसी ही दूंगी. कुछ समय बीत जाने पर ननद का विवाह पक्का हुआ। विवाह के दिन भाभी ने अपनी कथनी अनुसार बारातियों के सामने तुलसी का गमला फोड़ दिया और खाने के लिए कहा. तुलसी की कृपा से वह फूटा हुआ गमला अनेकों स्वादिष्ट पकवानों में बदल गया। भाभी ने गहनों के नाम पर तुलसी की मंजरी से बने गहने पहना दिए. वह सब भी सुन्दर सोने जवाहरात में बदल गए. भाभी ने वस्त्रों के स्थान पर तुलसी का जनेऊ रख दिया। वह रेशमी तथा सुन्दर वस्त्रों में बदल गया।ननद की ससुराल में उसके दहेज की बहुत प्रशंसा की गई। यह बात भाभी के कानों तक भी पहुंची. उसे बहुत आश्चर्य हुआ. उसे अब तुलसी माता की पूजा का महत्व समझ आया. भाभी की एक लड़की थी। वह अपनी लड़की से कहने लगी कि तुम भी तुलसी की सेवा किया करो। तुम्हें भी बुआ की तरह फल मिलेगा।वह जबर्दस्ती अपनी लड़की से सेवा करने को कहती लेकिन लड़की का मन तुलसी सेवा में नहीं लगता था।लड़की के बडी.होने पर उसके विवाह का समय आता है।तब भाभी सोचती है कि जैसा व्यवहार मैने अपनी ननद के साथ किया था वैसा ही मैं अपनी लड़की के साथ भी करती हूं तो यह भी गहनों से लद जाएगी और बारातियों को खाने में पकवान मिलेंगें।ससुराल में इसे भी बहुत इज्जत मिलेगी. यह सोचकर वह बारातियों के सामने तुलसी का गमला फोड़ देती है. लेकिन इस बार गमले की मिट्टी, मिट्टी ही रहती है। मंजरी तथा पत्ते भी अपने रुप में ही रहते हैं. जनेऊ भी अपना रुप नही बदलता है. सभी लोगों तथा बारातियों द्वारा भाभी की बुराई की जाती है।लड़की के ससुराल वाले भी लड़की की बुराई करते हैं।भाभी कभी ननद को नहीं बुलाती थी. भाई ने सोचा मैं बहन से मिलकर आता हूँ।उसने अपनी पत्नी से कहा और कुछ उपहार बहन के पास ले जाने की बात कही। भाभी ने थैले में ज्वार भरकर कहा कि और कुछ नहीं है तुम यही ले जाओ. वह दुखी मन से बहन के पास चल दिया. वह सोचता रहा कि कोई भाई अपने बहन के घर जुवार कैसे ले जा सकता है. यह सोचकर वह एक गौशला के पास रुका और जुवार का थैला गाय के सामने पलट दिया. तभी गाय पालने वाले ने कहा कि आप गाय के सामने हीरे-मोती तथा सोना क्यों डाल रहे हो. भाई ने सारी बात उसे बताई और धन लेकर खुशी से अपनी बहन के घर की ओर चल दिया. दोनों बहन-भाई एक-दूसरे को देखकर अत्यंत प्रसन्न होते हैं।

## एम टी राजा के पक्ष में नुक्कड़ सभा का आयोजन



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** सदर प्रखंड के लालबथानी में इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मो० ताजुद्दीन उर्फ एम टी राजा के पक्ष में नुक्कड़ सभा का आयोजन युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम के द्वारा किया गया।कौसर आलम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए गठबंधन सरकार के द्वारा किए गए उपलब्धियां के बारे में भी बताया गठबंधन सरकार के द्वारा महिलाओं को दिए गए सम्मान के बारे में भी चर्चा किये। 50 वर्ष की महिलाओं को पेंशन का लाभ मैया सामान्य योजना 18 से 49 वर्ष की प्रत्येक महिलाओं को प्रत्येक माह मैंया सम्मान योजना के तहत ? 1000 के सम्मान राशि दिया जा रहा है जो पुनः गठबंधन सरकार आने पर 1000 रुपए से बढ़ा कर 2500 रुपए किया जाएगा।साथ ही 200 यूनिट बिजली फ्री,बिजली माफ, 2 लाख ? किसानों का ऋण माफ,अबुवा आवास योजना का लाभ गठबंधन सरकार के द्वारा पूरे झारखंड में दिया गया है। मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मखमलपुर दक्षिण पंचायत के मुखिया इशहाक पंचायत समिति तारिक अनवर उपमुखिया सिद्दीकी,मजारुल हक, जहांगीर आलम,अब्दुर रहीम ,प्रवेज आलम,अब्दूर रहीम, अकराम, मो० शरीफ,नइमुल हक मुख्तार अहमद, अब्बास,आदि उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से सपा प्रत्याशी अकील अख्तर के लिए वोट की अपील

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** पाकुड़ विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अकिल अख्तर के बेटे डॉ आदिल ने अपने समर्थकों के साथ बरहरवा प्रखंड के कई पंचायतों में सोमवार को बाइक रैली निकाल चुनावी सरगर्मी तेज कर दी है। डॉ आदिल के अगुवाई में बाइक रैली का जत्था श्रीकुंड,प्लासबोना,हरिहरा, नगर में भ्रमण कर जनसम्पर्क अभियान चलाया।लोगों से अगामी 20 नवम्बर को साइकिल चुनाव चिन्ह पर वोट देने की लोगों से अपील की ' कहा कि इस बार पाकुड़ विधानसभा में परिवर्तन की लहर चल पड़ी है, लोगों का कारवां हमारे पार्टी और हमारे प्रत्याशी के साथ दिनों दिन जुड़ने का सिलसिला बढ़ता जा रहा हैं और यह कारवां अब रुकेगा नहीं थमेगा नहीं अपनी मंजिल और अपनी जीत तय करके ही दम लगा। डॉ आदिल ने लोगों से अपील किया कि वह इस बार पाकुड़ को बदलने का मौका दें निश्चित रूप से हमारी जीत होती है तो पाकुड़ बदलेगा,पाकुड़ के लोगों का विकास होगा यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा गांव और पंचायत के गली, मोहल्ले तक के लोगों को सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिलेगा।एक बेहतर हेल्थ ट्रीटमेंट सेंटर के साथ-साथ एक हायर एजुकेशन कॉलेज की भी स्थापना यहां होगी ताकि यहां के लोग अब बंगाल, बिहार या दूसरे प्रदेश ना



जाकर उनको शिक्षा के साथ-साथ सारी स्वास्थ्य सुविधा पाकुड़ में ही दिलाने का हम काम करेंगे।और पाकुड़ की जनता को बिकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेंगे,पाकुड़ की जनता को सालों से बेवकूफ बनाकर को लूटने का काम किया गया है,भ्ष्टाचार को बढ़ावा दिया जो वर्तमान समय में जग जाहिर है।पाकुड़ की जनता को बिकास सही बिकास की दिशा देने का काम अकील अख्तर करेंगे।हालांकि मौजूदा चुनावी माहौल में हजारों की संख्या में रैली बरहरवा नगर के विभिन्न हिस्सों में लोगों को मतदान के लिए जागरूक करते हुए पाकुड़ की सभी प्रत्याषी अपने किला फतेह करने के प्रयास कर रहे है।अब जनता क्या फैसला करती है ये आने वाला वक़्त बताएगा।



## मुंबई पुलिस ने शाहरुख खान को धमकी मामले में रायपुर से एक अधिवक्ता को किया गिरफ्तार

**मुबई:** अभिनेता शाहरुख खान को पिछले सप्ताह जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में मुंबई पुलिस ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से एक अधिवक्ता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

रायपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि मुंबई पुलिस ने आज सुबह रायपुर पुलिस को सूचित किया कि उन्होंने शाहरुख खान को धमकी भरे कॉल से संबंधित अपनी जांच के तहत यहां पंडरी पुलिस थाना क्षेत्र से फैजान खान को गिरफ्तार किया है।

सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शाहरुख खान को धमकी भरा कॉल फैजान के नाम से पंजीकृत फोन नंबर से किया गया था। मुंबई पुलिस ने सात नवंबर को मामले की जांच के दौरान रायपुर का दौरा किया था और फैजान खान को पूछताछ के लिए बुलाया था। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान फैजान ने पुलिस को बताया था कि उसका फोन खो गया था और उसने इस संबंध में दो नवंबर को यहां खमारडीह पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। सिंह ने बताया कि मुंबई पुलिस फैजान को रायपुर की एक अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड की मांग करेगी।

# पति राघव चड्ढा के साथ बनारस पहुंचीं परिणीति, दश्वाशमेध घाट पर की गंगा आरती

**आम** आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने इस साल अपना जन्मदिन भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र वाराणसी में मनाया। अपनी पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा के साथ चड्ढा ने ऐतिहासिक दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में हिस्सा लिया और आने वाले साल के लिए मां गंगा से आशीर्वाद मांगा। अनुष्ठान के बाद भावुक नजर आए चड्ढा ने कहा कि यह अवसर उनके लिए बेहद भावुक करने वाला था।

परिणीति चोपड़ा और उनके पति और राजनेता राघव चड्ढा वाराणसी में आध्यात्मिक माहौल में डूबकर गंगा आरती की। परिणीति और राघव ने दशाश्वमेध घाट पर आरती की और उनके साथ उनकी मां और परिवार के अन्य सदस्य भी थे। इस जोड़े का वीडियो देखें जिसमें दोनों गंगा पूजा करते हुए और धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में भाग लेते हुए दिखाई दे रहे हैं।

गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा और अन्य अधिकारियों सहित सदस्यों ने जोड़े का पारंपरिक अंगवस्त्र, प्रसाद और स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया। पिछले महीने परिणीति और राघव ने शंकराचार्य श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का भी अपने नई दिल्ली स्थित आवास पर स्वागत किया था। उनके दौरे के दौरान राघव और परिणीति ने आरती की और आध्यात्मिक गुरु का आशीर्वाद लिया।

परिणीति और राघव ने पिछले साल 24 सितंबर को राजस्थान के उदयपुर के लीला




पैलेस होटल में करीबी दोस्तों और परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में शादी की थी। इस शादी में मनोरंजन उद्योग और राजनेताओं के कई जाने-माने चेहरे शामिल हुए थे। हाल ही में, इस जोड़े ने मालदीव में अपनी पहली शादी की सालगिरह मनाई। सितारों की शादी की सालगिरहः परिणीति चोपड़ा ने अपनी शादी की सालगिरह पर अपने पति राघव के साथ समुद्र तट पर एक शांत दिन बिताया और इंस्टाग्राम पर अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, हमने कल एक शांत दिन बिताया, जहाँ हम दोनों ही थे। हमने आप सभी द्वारा भेजे गए बधाई संदेशों को पढ़ा, हम आपकी शुभकामनाओं के लिए आभारी हैं।

### जल्द अपना मातृत्व अवकाश

## समाप्त करेंगी दीपिका पादुकोण, कल्कि 2898 एडी सीक्वल का काम करेंगी शुरू?



**अमिताभ** बच्चन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और कमल हासन अभिनीत कल्कि 2898 एडी इस साल जून में रिलीज हुई थी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फि ल्म को दर्शकों और आलोचकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी।

अमिताभ बच्चन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और कमल हासन अभिनीत कल्कि 2898 एडी इस साल जून में रिलीज हुई थी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फि ल्म को दर्शकों और आलोचकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। यह एक पौराणिक मोड़ के साथ एक डायस्टोपियन साइंस-फि क्शन थ्रिलर थी। फि ल्म में डीपी ने सुम-80 या सुमति की भूमिका निभाई है और फि ल्म में उनके अभिनय की काफी प्रशंसा की गई थी। पहला भाग एक क्लिफहैंगर के साथ समाप्त होता है और निर्माताओ ने पहले ही पुष्टि कर दी है कि इसका सीक्वल बन रहा है। हालाँकि, प्रशंसक अगले भाग के बारे में अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। सितंबर में, दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अपनी बेटी दुआ पादुकोण का स्वागत किया। अभिनेत्री वर्तमान में मातृत्व अवकाश पर हैं। तो क्या वह जल्द ही अपना अवकाश समाप्त करके सीक्वल पर काम करना शुरू करने जा रही हैं?

दीपिका फिलहाल अपना पूरा समय अपनी बेटी दुआ को दे रही हैं। वह अपनी बेटी की देखभाल करना चाहती हैं और नैनी नहीं रखना चाहती हैं। इसलिए वह जल्द ही अपना मातृत्व अवकाश समाप्त नहीं करेंगी, भले ही अधीर तत्व उनके दरवाजे पर दस्तक दे रहे हों।

दूसरी ओर, ऐसी खबरें हैं कि प्रभास की कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने इसके सीक्वल की शूटिंग शुरू कर दी है। कथित तौर पर, डीपी ने उन्हें दूसरे भाग से उन्हें बाहर करने का विकल्प दिया। हालांकि, टीम उनके मातृत्व अवकाश के खत्म होने का इंतजार करने के लिए तैयार है।

## आईसीसी से पंगा लेने के मूड में पीसीबी, चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर मांगेगा स्पष्टीकरण

**एजेंसी/ कराचीः** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी को लेकर आईसीसी से स्पष्टीकरण मांगेगा, क्योंकि उसे सिर्फ बताया गया है कि भारतीय टीम टूनामेंट के लिए नहीं आएगी, लेकिन हाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। पीसीबी को आईसीसी ने बताया है कि बीसीसीआई अगले साल फरवरी में होने वाले टूनामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजेगा। बीसीसीआई ने आईसीसी को इसकी जानकारी दी। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल पर करवाने को लेकर कोई बात नहीं हुई है। पिछले साल एशिया कप में हाइब्रिड मॉडल अपनाया गया था, जब भारत के मैच श्रीलंका में और बाकी सारे मैच पाकिस्तान में हुए थे।

ऐसी अटकलें हैं कि भारत के मैच दुबई में हो सकते हैं। सूत्र ने कहा, पीसीबी अपने कानूनी सलाहकारों से बात करके आईसीसी को ईमेल भेजेगा, जिसमें भारत के फैसले पर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। पीसीबी मशविरा और जरूरत पड़ने पर निदेशों के लिए सरकार के संपर्क में है। सूत्र ने यह भी कहा कि अगर पाकिस्तान सरकार भारत से क्रिकेट संबंधों पर कठोर फैसला लेती है, तो आईसीसी के लिए इसके कानूनी नतीजे हो सकते हैं। उन्होंने कहा, व्यावसायिक साझेदारों की ओर से कानूनी नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं, क्योंकि आईसीसी ने प्रसारकों और प्रायोजकों से कहा है कि सभी शीर्ष क्रिकेट खेलने वाले देश टूर्नामेंटो में भाग लेंगे।

बस बहुत हुआ ये मजाक है क्याः कराची। भारत के पाकिस्तान न जाने पर जावेद मियांदाद ने गीदड़ भभकी दी है। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान मियांदाद ने कहा कि हम भारत के बगैर फिर क्रिकेट में तरक्की करके दिखाएंगे। इंजमाम-उल-हक ने भी फैसले पर निराशा जताई है। मियांदाद ने कहा, यह कोई मजाक चल रहा है। अगर हम भारत के साथ बिलकुल भी नहीं खेलते हैं, तो भी पाकिस्तान क्रिकेट न केवल जीवित रहेगा, बल्कि फले-फूलेगा भी। मैं देखना चाहता हूं कि जब पाकिस्तान और भारत के मैच नहीं होंगे, तो आईसीसी इवेंट कैसे पैसा कमाएंगे। वहीं, इंजमाम ने भारत के पाकिस्तान में खेलने से इनकार करने पर कहा, वे क्रिकेट को इतने बड़े अवसर से वंचित कर रहे हैं। पाकिस्तान में भारतीय टीम को कोई खतरा नहीं है। वास्तव में उन्हें यहां सबसे अच्छी मेहमाननवाजी मिलेगी।

टीम इंडिया के न आने के लिए पाकिस्तान खुद जिम्मेदारः आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत के पाकिस्तान न जाने के फैसले पर मशहूर कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने अपनी राय रखी है। आकाश ने कहा, निर्णय हो चुका है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी। यह बीसीसीआई का निर्णय नहीं है। जब पाकिस्तान की बात आती है, तो भारतीय क्रिकेट टीम यह तय नहीं करती कि वे कहां और कब जाएगी। बाकी जगह के लिए यह ठीक है। अगर आप पाकिस्तान जा रहे हैं, तो यह बीसीसीआई का नहीं, बल्कि भारत सरकार का निर्णय होता है। सरकार ने बता दिया है कि टीम को वहां जाने की अनुमति नहीं। जाने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है। भारत नहीं जा रहा है। एक तरह से पाकिस्तान खुद ही इसके लिए जिम्मेदार है।



## आलिया के बॉडीगार्ड ने सेल्फी लेने आये फैन से की बदसलूकी, आग बबूला हुईं एक्ट्रेस

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस आलिया भट्ट के बॉडीगार्ड ने सेल्फी लेने आये फैन के साथ बदसलूकी की। बॉडीगार्ड ने उसका शर्ट पकड़कर एक्ट्रेस से दूर किया। बस इसके बाद क्या था। यह देखकर आलिया अपने बॉडीगार्ड पर आग बबूला हो गयी। एक्ट्रेस का एयरपोर्ट से यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जिसमें वो अपने बॉडीगार्ड को कह रही हैं कि किसी के साथ ऐसा मत कीजिए, किसी को टच मत कीजिये। इसके बाद आलिया ने अपने फैन को बुलाया और उसके साथ सेल्फी ली। आलिया का यह बर्ताव देख फैंस काफी इंप्रेस हुए और वो उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

# टीम इंडिया दबाव में नहीं आस्ट्रेलिया की चिंता करो

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए रवाना होने से पहले कोच गौतम गंभीर ने रिकी पॉटिंग को लताड़ा

**मुंबईः** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर ने किसी तरह के दबाव से इनकार किया है। रिकी पोंटिंग के बयान पर उन्होंने कहा कि वह अपने क्रिकेट पर ध्यान दें। गंभीर ने टीम इंडिया के ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये शब्द कहे। गंभीर ने कहा, मैं किसी दबाव में नहीं हूं। टीम के सीनियर्स बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में वापसी करेंगे। गौतम गंभीर ने हाल ही में खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रहे कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का बचाव करते हुए कहा कि यह दोनों सीनियर खिलाड़ी रन बनाने के लिए भूखे हैं और ऑस्ट्रेलिया में दमदार वापसी करेंगे। बता दें कि पोंटिंग ने हाल में कहा था कि कोहली की फॉर्म चिंता का विषय है, क्योंकि पिछले पांच सालों में यह भारतीय बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में केवल दो शतक लगा पाया है, लेकिन उन्होंने इसके



साथ ही कहा था कि यह स्टार बल्लेबाज वापसी करने में सक्षम है और इसके लिए ऑस्ट्रेलिया से बेहतर कोई दूसरी जगह नहीं हो सकती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा।

गंभीर से जब पूछा गया कि क्या उन्हें डंकन फ्लेचर के समय जैसा दबाव महसूस होता है, जब टीम बदलाव के दौर में थी। उन्होंने कहा, ह्यमैं बदलाव के बारे में नहीं, बल्कि पांच टेस्ट मैचों के बारे में सोच रहा हूं। बदलाव हो या न हो, अगर ऐसा होना है तो होगा, लेकिन मैं भारतीय टीम में कुछ ऐसे अविश्वसनीय खिलाडि ?ों को देख रहा हूं, जो अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं। अगर रोहित पर्थ टेस्ट में अवेलेबल नहीं रहते, तो बुमराह कप्तानी कर सकते हैं। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगी। शुरूआत पर्थ में 22 नवंबर से होगी। आखिरी टेस्ट 3-7 जनवरी के बीच खेला जाएगा।

रोहित की जगह बुमराह कप्तानः भारतीय टीम का अगला मिशन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 है। कप्तान रोहित शर्मा के पहले मैच में खेलने को लेकर अभी संशय है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में गौतम से पूछा गया कि क्या रोहित शर्मा पहला टेस्ट खेलेंगे? इस पर उन्होंने कहा, अभी तक कोई अपडेट नहीं है, लेकिन उम्मीद कर रहे हैं कि वह सीरीज शुरू होने से पहले टीम से जुड़ जाएंगे। साथ ही उनसे पूछा गया कि अगर वह नहीं खेलते हैं, तो टीम के लिए ओपनिंग कौन करेगा। इस पर गंभीर ने दो नाम लिए। उन्होंने कहा कि अभिमन्यु ईश्वरन और केएल राहुल हैं।

हालांकि, बाद में शुभमन गिल को भी विकल्प के तौर पर बताया। इसके बाद गौतम से पूछा गया कि अगर रोहित पहला मैच नहीं खेलते हैं तो टीम का कप्तान कौन होगा? इस पर उन्होंने सीधा जवाब देते हुए कहा कि अगर ऐसा हुआ तो जसप्रीत बुमराह टीम की कमान संभालेंगे। उन्होंने कहा, बुमराह ने बर्मिंघम टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 2022 में भारतीय टीम की कप्तानी की थी। अगर रोहित शर्मा नहीं मौजूद रहते हैं, तो जसप्रीत बुमराह कप्तानी करेंगे।

न्यूज ब्रीफ

## रूस में सेक्स मंत्रालय बनाने पर विचार कर रहे पुतिन, वजह हैरान करने वाले



**मास्को:** रूस में घटती जनसंख्या दर को लेकर सरकार काफी चिंतित है। सूत्रों की माने तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अब देश में सेक्स मंत्रालय बनाने पर विचार कर रहे है। यह फैसला यूक्रेन युद्ध के बाद से लगातार घटती जनसंख्या दर को देखते हुए लिया गया है। रूसी संसद की पारिवारिक सुरक्षा समिति की अध्यक्ष नीना ओस्टेनिना इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रही हैं।

इस मंत्रालय के माध्यम से सरकार जनसंख्या वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के उपाय करने पर विचार कर रही है। इनमें से कुछ प्रमुख उपाय इस प्रकार हैः

रात 10 बजे से सुबह 2 बजे तक इंटरनेट और लाइटें बंदः इस दौरान जोड़े अपनी अंतरंग गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

- घर पर काम करने वाली माताओं को भुगतानः इससे महिलाएं आसानी से बच्चे पैदा - पहली डेट पर 5,000 रूबल तक का फंडः इससे युवाओं को डेटिंग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
- शादी की रात के होटल का खर्च सरकार उठाएगीः इससे जोड़े शादी के बाद आसानी से गर्भधारण कर सकें।

रूस के अलग-अलग इलाकों में दंपत्तियों को बच्चे पैदा करने के लिए प्रेरित करने के उपाय किए जा रहे हैं। सरकार का मानना है कि सेक्स मंत्रालय के गठन से देश की जनसंख्या में वृद्धि होगी। वहीं, रूस में सेक्स मंत्रालय बनाने के फैसले को लेकर कई तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोग इस फैसले का समर्थन कर रहे हैं तो कुछ लोग इसे अजीब मान रहे हैं।

**पाकिस्तान में वायु प्रदूषण का कहर**

## पंजाब में 1.1 करोड़ बच्चों को खतरा कई शहरों में एक्यूआई 1000 के पार

**इस्लामाबाद :** वायु प्रदूषण के कहर से केवल भारत ही परेशान नहीं है बल्कि पाकिस्तान के भी कुछ ऐसे ही हाल हैं। यहां के हालत बद से बदतर होते जा रहे हैं। प्रदूषण बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआई 1000 को पार कर गया और शहर के आसमान पर धुंध की घनी चादरें चढ़ गई हैं। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने पाकिस्तान के पंजाब में 11 मिलियन (1।1 करोड़) से ज्यादा बच्चों की जान के खतरे की चेतावनी दी है।

**जहरीली धुंध छाईः** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने से पाकिस्तान की राजधानी लाहौर और पंजाब के 17 अन्य जिलों में जहरीली धुंध छाई हुई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि 40,000 से अधिक लोगों को सांस से संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

**देशभर में विशेष स्मॉग काउंटर स्थापित किए गयेः** पूरे प्रांत में क्लीनिकों में मरीजों की प्राथमिक चिकित्सा के लिए विशेष स्मॉग काउंटर स्थापित किए गए हैं। मंगलवार को अकेले लाहौर में 900 लोग अस्पताल में भर्ती हुए। पाकिस्तान में यूनिसेफ के प्रतिनिधि अब्दुल्ला फादिल ने सरकार से पांच साल से कम उम्र के 1।1 करोड़ प्रभावित बच्चों और अन्य के लिए वायु प्रदूषण को कम करने के लिए तत्काल और अधिक प्रयास करने का आग्रह किया।अब्दुल्ला फादिल ने कहा, 'वायु प्रदूषण के इन रिकॉर्ड तोड़ स्तरों से पहले, पाकिस्तान में पांच साल से कम उम्र के बच्चों में लगभग 12 प्रतिशत मौतें वायु प्रदूषण के कारण होती थीं। इस साल के वायु प्रदूषण के प्रभाव का आकलन करने में समय लगेगा, लेकिन हम जानते हैं कि हवा में प्रदूषण की मात्रा दोगुनी और तिगुनी होने से बच्चों और गर्भवती महिलाओं पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा।'

## मोदी और नीतीश को उखाड़ फेंकना हैः लालू यादव



**गयाः** बिहार में चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है। इसी क्रम में सोमवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव बेलागंज पहुंचे। गया के बेलागंज में राजद प्रत्याशी डॉ विश्वनाथ यादव के चुनावी सभा को संबोधित किया और लोगों से वोट देने के लिए अपील की। बेलागंज राजद की परम्परागत सीट मानी जाती है। लेकिन उपचुनाव में जदयू प्रत्याशी मनोरमा देवी और राजद प्रत्याशी विश्वनाथ यादव के बीच कांटे की टक्कर है। एनडीए और महागठबंधन के सभी बड़े नेता बेलागंज में प्रचार में जुटे हैं।

9 साल बाद पहुंचे लालू यादव को देखने के लिए जन सैलाब उमड़ गया। हालांकि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद काफी बीमार दिखे। फिर भी उन्होंने जोश और जुनून के साथ सभा को संबोधित किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उखाड़ फेंकना है। सात समुन्दर पार फेंकना है। हमने ना जाने कितने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को देखे। उन्होंने बेलागंज के सभा में उपस्थित लोगों से अपील किया कि आप सभी हिन्दू, मुस्लिम एकजुट होकर एक साथ रहेंगे तो कोई भी माई का लाल कुछ नहीं उखाड़ पायेगा।

## नेतन्याहू के सलाहकार से मिले डोनाल्ड ट्रंप, मध्य पूर्व पर चर्चा

**एजेंसी/वाशिंगटनः** अमरीका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मध्य पूर्व संकट और इस मामले पर भविष्य में अमरीकी कार्रवाइयों पर चर्चा करने के लिए इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सलाहकार रॉन डर्मर से मुलाकात की। यह जानकारी एक्सियोस समाचार पोर्टल ने बैठक की जानकारी रखने वाले दो इजरायली अधिकारियों और दो अमरीकी अधिकारियों का हवाला देते हुए मंगलवार को दी।

नेतन्याहू के संदेशों को पहुंचाने और गाजा, लेबनान और ईरान में इजरायली योजनाओं के बारे में निर्वाचित राष्ट्रपति को जानकारी प्रदान करने के लिए डर्मर ने रविवार को डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा निवास, मार-ए-लागो में उनसे मुलाकात की। एक अमरीकी अधिकारी ने पोर्टल से कहा कि इजरायली जिन बातों को डोनाल्ड ट्रंप के साथ सुलझाना चाहते थे, उनमें से एक यह है कि वे कौन से मुद्दे हैं, जिनका समाधान वह 20 जनवरी से पहले देखना पसंद करते हैं और वे कौन से मुद्दे हैं, जिनके लिए इजरायली उनका इंतजार करें। कथित रूप से इजरायली पक्ष कई मुद्दों पर डोनाल्ड ट्रंप की राय चाहता है, जिसमें गाजा के लिए युद्ध के बाद की योजना, इजरायल और लेबनान के बीच युद्धविराम और इजरायल-सऊदी संबंधों को सामान्य बनाना शामिल है। उन्होंने कहा कि बाइडेन प्रशासन को बैठक के बारे में पहले ही सूचित कर दिया गया है। ट्रंप, जो 2016 के चुनाव के बाद पहले ही अमरीकी राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर चुके हैं, ने 05 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव जीता। वह 19वीं शताब्दी के बाद चार वर्षों के अंतराल के बाद व्हाइट हाउस लौटने वाले अमरीका के पहले राजनेता हैं। एसोसिएटेड प्रेस, फॉक्स न्यूज, सीएनएन, एनबीसी, एबीसी और सीबीएस सहित मतगणना में शामिल सभी प्रमुख मीडिया आउटलेट्स ने डोनाल्ड ट्रंप के जीत की घोषणा की है। डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस ने समर्थकों को संबोधित करते हुए घोषणा की है कि वह हार मान लेंगी, जबकि मौजूदा अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ट्रंप से बात की और उन्हें बधाई दी। राज्यों के निर्वाचक मंडल को 17 दिसंबर को मतदाताओं की इच्छा के अनुसार उम्मीदवारों के लिए मतदान करना होगा, और नई कांग्रेस 06 जनवरी को मतदान के परिणामों की घोषणा करेगी

राम मंदिर पर खालिस्तानियों की बुरी नजर

# आतंकी पन्नू की धमकी, हिंदुत्ववादी विचारधारा की नींव हिला देंगे



**एजेंसी/ओटावाः** खालिस्तानी आतंकवादी और सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने अब अयोध्या राम मंदिर को निशाना बनाने की धमकी दे दी है। इसके अलावा उसने कनाडा में ही दो और मंदिरों का भी जिक्र किया है। पन्नू ने एक वीडियो जारी कर भारत सरकार को धमकी दी है। वीडियो में पन्नू ने अयोध्या को हिंसक हिन्दुत्व विचारधारा की जन्मस्थली करार दिया है। वीडियो में खालिस्तान समर्थक को कहते हुए सुना जा सकता है कि कनाडा अयोध्या नहीं है। आरएसएस, बजरंग दल, भाजपा के लोगों ने कनाडा में गुरुद्वारा साहब पर हमलों की कोशिश की है।

अब हम आपकी अयोध्या की बुनियाद हिलाने जा रहे हैं। वीडियो में पन्नू ने हिंदू सभा मंदिर के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों को भी धमकी दी है। उसने कहा कि घर में घुसकर मारेंगे का नारा लगा रहे और खालिस्तान समर्थक रैली पर हमला करने वाले हिंदू सभा मंदिर के समर्थको, तुम सब 1984 डेथ स्क्वॉड की संतान हो, जिसने सिख नरसंहार किया। पन्नू ने आगे कहा कि अगर हमने किसी भी कनाडाई-भारतीयों को भारतीय तिरंगा लहराते हुए देखा तो आपको सिखों और कनाडा का दुश्मन मान लिया जाएगा। याद रहे कि युद्ध खालिस्तान समर्थक और भारत सरकार के बीच है। भारतीय-कनाडाई दूर रहें और सुरक्षित रहें।

## पीएम के ओबामा-बाइडेन और डोनाल्ड से व्यक्तिगत संबंधः जयशंकर



**मुंबईः** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्रंप की जीत के बाद भारत-अमरीकी रिश्तों को लेकर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने रविवार को कहा कि ट्रंप की जीत से दुनिया के कई देश चिंतित हैं, लेकिन भारत ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने से चिंतित नहीं है। जयशंकर मुंबई में आदित्य बिड़ला ग्रुप स्कॉलरशिप प्रोग्राम के सिल्वर जुबली इवेंट में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि ट्रंप ने जीत के बाद विश्व के जिन तीन नेताओं से सबसे पहले बात की, मोदी उनमें से एक थे। जयशंकर ने कहा कि पीएम मोदी के कई अमरीकी राष्ट्रपतियों के साथ मजबूत व्यक्तिगत संबंध रहे हैं।

जब वह पहली बार वाशिंगटन डीसी गए, तब राष्ट्रपति ओबामा थे, फिर डोनाल्ड ट्रंप थे, फिर जो बाइडेन, उनके लिए यह बहुत नेचुरल है। वह वर्ल्ड लीडर्स से मजबूत व्यक्तिगत संबंध बना लेते हैं। इससे भारत को मदद मिलती है।

## मकान की दीवार ढहने से 13 घायल

**जम्मू- कश्मीरः** रियासी जिले में एक धार्मिक समारोह के दौरान एक मकान की दीवार ढह जाने से 13 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार रात कटरा के समीप सियोल गांव में हुई। हादसे में घायल हुए लोगों को उपचार के लिए कटरा स्थित नारायण अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## बारातियों से भरी बस खाई में गिरी, 12 घायल

**एटा :** यूपी में सोमवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है. यहां जनपद के पिलुआ थाना क्षेत्र में एनएच पर बारातियों से भरी बस खाई में गिर गयी. इस हादसे में करीब 20 लोगों के घायल होने की खबर है. जानकारी के अनुसार, दिल्ली के अमन विहार सुल्तानगंज से बारात निकली थी और नवीगंज मैनपुरी जा रही थी. इसी दौरान एनएच पर बाराती बस अनियंत्रित होकर पलटी और खाई में जा गिरी. घटना की सूचना पाकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला. मौके पर पिलुआ थाना की पुलिस भी पहुंची और घायलों को एटा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया. एटा के मुख्य चिकित्साधिकारी उमेश त्रिपाठी भी मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना.

# केंद्रीय मंत्री पर नस्लीय टिप्पणी से बवाल, विवादित बयान पर जेडीएस ने की इस्तीफे की मांग





**बंगलुरूः** कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार में वक्फ और हाउसिंग मंत्री जमीर अहमद खान की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ टिप्पणी करने के एक मामले में कर्नाटक के राजभवन ने एडवोकेट जनरल को जमीर अहमद खान के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए हैं, तो वहीं दूसरी तरफ राज्य में जमीर अहमद खान द्वारा केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी के ऊपर नस्लीय टिप्पणी को लेकर राजनीति गरमा गई है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में मंत्री जमीर अहमद खान ने मोदी सरकार में मंत्री और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी पर हमला बोलते हुए मयार्दा की सीमा तोड़ दी। खान ने कुमारस्वामी की फोटो दिखाते हुए केंद्रीय मंत्री को कालिया कुमारस्वामी कहकर संबोधित किया।

अहमद द्वारा कुमारस्वामी के खिलाफ नस्लीय गाली ने नए विवाद को जन्म दे दिया है। बीजेपी और जेडीएस ने खान के बयान को अमर्यादित और नस्लीय करार दिया है। कांग्रेस नेता और कर्नाटक में मंत्री जमीर अहमद खान ने एक चुनावी कार्यक्रम दौरान केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी के खिलाफ जातिवादी टिप्पणी की। खान ने कहा कि वह (सीपी योगेश्वर) बीएसपी में चले गए। वह जनता दल के साथ नहीं जाना चाहते थे क्योंकि उन्हें लगता था कि कालिया कुमारस्वामी बीजेपी से ज्यादा खतरनाक हैं।

अश्वेत लोगों का अपमान निंदनीयः जेडीएस ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा किजमीर अहमद ने चन्नपटना उपचुनाव प्रचार के दौरान नस्लीय गालियों का इस्तेमाल किया। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को जमीर अहमद खान ने उर्दू में कालिया कुमारस्वामी (काला कुमारस्वामी) कहकर अपमानित किया। ऐसा करके उन्होंने अश्वेत लोगों का नस्लीय अपमान किया है और नस्लीय भेदभाव किया है। उनके मुंह से निकले ये नस्लीय घृणा के शब्द अक्षम्य हैं। जेडीएस ने राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वर और रामनगर पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करने की अपील की है। जेडीएस ने कांग्रेस अध्यक्ष खडगे और सीएम सिद्धारमैया से जमीर अहमद का इस्तीफा लेने की मांग की है।

## महाराष्ट्र चुनावः ठाणे में 3.7 करोड़ रुपये नकद जब्त

**मुंबईः** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले ठाणे जिले में अधिकारियों ने एक बिल्डर के बंगले और एक वाहन से 3.7 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सोमवार रात नवी मुंबई के नेरुल इलाके में स्थित एक बंगले पर छापा मारा और वहां से ढाई करोड़ रुपये नकद जब्त किए। उन्होंने कहा कि धन का स्रोत क्या है और यह किसका है, इसका पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य अभियान के दौरान उड़न दस्ते और पुलिस ने सोमवार को बापगांव के समीप भिवंडी से कल्याण की ओर जा रहे नकदी ले जाने वाले एक वाहन को रोका और उसमें से 1।2 करोड़ रूपये जब्त किए। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव के तहत मतदान होंगे और 23 नवंबर को मतगणना की जानी है।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में मुठभेड़, दो आतंकवादियों के फंसे होने की संभावना



**कुपवाड़ा :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के नागमर्ग वन क्षेत्र में मंगलवार (12 नवंबर) को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। माना जा रहा है कि इलाके में दो आतंकवादी फंसे हुए हैं, जिसे घेर लिया गया है। कुपवाड़ा जिले के नागमर्ग वन क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में कुछ गोलियों की आवाज सुनी गई। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

इससे पहले रविवार (10 नवंबर) को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर वन क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के विशेष बलों के एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) शहीद हो गए और कम से कम तीन अन्य कर्मी घायल हो गए।रिपोर्टों के अनुसार शुरूआती मुठभेड़ के दौरान पैरा स्पेशल फोर्स के दो से तीन कर्मी घायल हो गए। केशवान के जंगलों में मुठभेड़ तब शुरू हुई जब सेना और पुलिस के संयुक्त तलाशी दलों ने सुबह करीब 11 बजे छिपे हुए आतंकवादियों को पकड़ा।

सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, जम्मू क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों में उछाल आया है और राजौरी और पुंछ के जुड़वां सीमावर्ती जिलों में घातक हमले हुए हैं। पिछले तीन वर्षों में राजौरी और पुंछ में आतंकी हमलों के बाद, इस साल आतंकी गतिविधियाँ क्षेत्र के छह अन्य जिलों में फैल गईं। 2024 में, जम्मू क्षेत्र में 18 सुरक्षाकर्मियों और 13 आतंकवादियों सहित 44 लोग मारे गए।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस साल डोडा, कठुआ और रियासी जिलों में नौ-नौ हत्याएँ दर्ज की गईं, इसके बाद किश्तवाड़ (पाँच), उधमपुर (चार), जम्मू और राजौरी (तीन-तीन) और पुंछ (दो) हैं। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में 18 सुरक्षाकर्मी और 13 आतंकवादी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों द्वारा मारे गए 14 नागरिकों में से सात शिव खोरी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्री थे, जबकि तीन ग्राम रक्षा रक्षक (वीजीडी) थे।

## हाजीपुर : खसरा के संक्रमण से एक ही गांव के कई बच्चे बीमार, स्वास्थ्य महकमा हड़कंप



मेडिकल की टीम गांव पहुंचकर सर्वेक्षण कर रही है। हर घर जाकर मेडिकल टीम संक्रमित बच्चों का

**पटना :** बिहार के हाजीपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां राजापाकर प्रखंड के बखरी सराय गांव में कई बच्चे (48 से अधिक) खसरा के संक्रमण से बीमार पड़ गये हैं। सभी बच्चों की उम्र नौ महीने से लेकर सात साल के बीच है। गांव में मिजिल्स फैलने की खबर से स्वास्थ्य महकमा में हड़कंप मच गया है। जिलास्तरीय

इलाज कर रही है। बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जा रही है। साथ ही चिकित्सीय परामर्श पर पारासिटामोल, सिरफ, टैबलेट, जिंक और ओआरएस का पैकेट दिया गया। मेडिकल टीम ने सभी बच्चों का ब्लड सैंपल लिया है, जिसे जांच के लिए पटना एम्स भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आवश्यकतानुसार सभी को दवा दी जायेगी।

# अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की जीत का असर, एलन मस्क की संपत्ति 300 अरब डॉलर के पार

**वाशिंगटन :** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप क्या जीते, दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क की लॉटरी लग गयी। हर दिन एलन मस्क की नेटवर्थ में बढ़ोत्तरी हो रही है। खबरों के अनुसार एलन मस्क की संपत्ति 300 अरब डॉलर के पार पहुंच गयी है। पिछळे 24 घंटे में मस्क की संपत्ति 17.4 अरब डॉलर(लगभग 1.46 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा बढ़ी है।

मस्क की संपत्ति 314 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार 17.4 अरब डॉलर के ताजा उछाल के बाद एलन मस्क की कुल संपत्ति 314 अरब डॉलर के स्तर पर जा पहुंची है अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद लगातार उनकी संपत्ति बढ़ रही है। ट्रंप के जीतते ही अगले दिन एलन मस्क की नेटवर्थ में 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का इजाफा हुआ।

**टेस्ला के शेयरों की ऊंची उड़ानः** एलन मस्क की नेटवर्थ में उछाल उनकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के शेयरों के कारण आया। पिछले 5 दिनों में टेस्ला के शेयर 31.46 फीसदी बढ़ गये। एक शेयर की कीमत 76.88 डॉलर (6,487 रुपये) तक बढ़ गयी। डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद एलन मस्क के शेयर में जोरदार उछलने के कारणों पर नजर डालें तो इसमें चीन का एंगल शामिल है। जान लें कि ट्रंप के पहले कार्यकाल में चीन पर कई तरह के प्रतिबंध लगाये गये थे।



**एलन मस्क के इलेक्ट्रिक व्हीकल कारोबार को बूस्ट मिलेगाः** लोगों को उम्मीद है कि इस बार भी ट्रंप सेल्फ-ड्राइविंग चाइनीज इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर बैन लगाने जैसा कोई फैसला लेंगे। ऐसा होने पर एलन मस्क के इलेक्ट्रिक व्हीकल कारोबार को बूस्ट मिलेगा। है। इसी संभावनाओं पर विचार करते हुए ट्रंप की जीत के बाद से लोग टेस्ला के शेयर की जम कर खरीदारी कर रहे हैं। टेस्ला के शेयर उड़ान भर रहे हैं। ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान चीन प्रोडक्ट्स पर 60फीसदी तक भारी आयात शुल्क लगाने का वादा किया था। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान आयात शुल्क में 25फीसदी तक का इजाफा हुआ था।

**बिल गेट्स की नेटवर्थ में 561 मिलियन डॉलर बढ़ीः** बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार तो पिछले 24 घंटे में एलन मस्क के अलावा अरबपति लैरी एलिसन की संपत्ति 3।80 अरब डॉलर (लगभग32,065 करोड़ रुपये) बढ़ गयी। लैरी एलिसन की कुल संपत्ति 202 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। वे दुनिया के चौथे सबसे बड़े अमीर हो गये। बिल गेट्स की नेटवर्थ में 561 मिलियन डॉलर और वॉरेन बफे की संपत्ति 1.59 अरब डॉलर बढ़ी।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑक्सब्रिज विद्यालय में सतर्कता जागरूकता अभियान का आयोजन



**मांडर :** 11 नवंबर को मांडर स्थित ऑक्सब्रिज विद्यालय में यूनियन बैंक, मांडर की ओर से ह्यसतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024ह्व का आयोजन किया गया। यह अभियान ह्यसरदार वल्लभभाई पटेलह्व की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसमें बैंक के शाखा प्रबंधक श्री संतोष कुमार और सहायक श्री राजेश कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षकगण और विद्यार्थी भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था, बल्कि छात्रों में सतर्कता और नैतिकता के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न करना था। शाखा प्रबंधक श्री संतोष कुमार ने ह्यसतर्कता जागरूकता सप्ताहह्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को समझाया कि कैसे हर नागरिक ईमानदारी को प्रोत्साहित करने और भ्रष्टाचार मिटाने में सहयोग दे सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि देश के विकास में नैतिक मूल्यों और सक्रिय भागीदारी का विशेष महत्व है।

### जगधात्री पूजा संपन्न

**दुमका:** शहर के के.वी. वाटिका में आयोजित बंगाली समुदाय के द्वारा आयोजित जगधात्री पूजा हर्ष एवं उल्लास के बीच सोमवार को संपन्न हो गई. दशमी पूजा संपन्न होने के पश्चात बंगाली समुदाय की महिलाओं ने एक दूसरे के साथ सिंदूर खेलने के साथ ही पूजा का घट विसर्जन शहर के पोखरा चौक में किया. मौके पर उपस्थित दुमका नगर परिषद् की पूर्व अध्यक्षा अमिता रक्षित ने कहा कि बंगाली समुदाय में मां जगधत्री पूजा काफी उल्लास के साथ मनाया जाता है. बंगाली समुदाय के लोग काफी श्रद्धा भाव से मां जगधात्री की पूजा- अर्चना करते हैं जिससे समाज में शांति बनी रहती है.

### चुनाव प्रचार की समय सीमा समाप्त होते ही होटल, लॉज व अन्य स्थानों पर बाहरी लोगों की खोज शुरू

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में सोमवार की शाम 5 बजे राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान समाप्त हो गया। इसके साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारी हरकत में आ गए। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए गठित विभिन्न कोषांग के अधिकारी तत्परता से अपनी गतिविधियों में जुट गए। खासकर चुनाव कार्य को प्रभावित करने वाली मशीनरी की खोजबीन शुरू कर दी गई। होटल, लॉज व अन्य स्थानों पर बाहरी लोगों की जिले में मौजूदगी की जांच तेज कर दी गई। पुलिस, दंडाधिकारी एवं उड़नदस्ता की टीम की ओर से जगह-जगह जांच अभियान शुरू कर दिया गया।

चुनाव प्रचार की समय सीमा समाप्त होने के बाद जिला निवार्ची पदाधिकारी ने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा कि मतदान के 48 घंटे पहले प्रचार समाप्त होने की प्रक्रिया का पालन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 12 नवंबर को सभी छह विधानसभा के लिए पोलिंग पार्टी रवाना होगी। एलबीएसएम कॉलेज से बहरागोड़ा, घाटशिला एवं पोटका तथा जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज से जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी तथा जमशेदपुर पश्चिमी की पोलिंग पार्टी रवाना होगी। इसके लिए 12 नवंबर को सुबह 5 बजे से प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि जिले की अति संवेदनशील क्षेत्रों के लिए 36 कलस्टर बनाए गए हैं। जहां मतदान दल 12 को पहुंचेगा तथा 13

# सरायकेला-खरसावां : तीन विस क्षेत्रों के 1055 मतदान केंद्रों पर मतदान कल, 8.85 लाख मतदाता करेंगे वोटिंग

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सरायकेला :** झारखंड में विधानसभा चुनाव का पहला चरण 13 नवंबर को है। पहले चरण में 43 विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग होगी। वहीं सरायकेला-खरसावां जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों (सरायकेला, खरसावां और ईचागढ़) में मतदान होने हैं। इसके लिए मंगलवार को काशी साहू कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर से मतदानकर्मी ईवीएम किट के साथ मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए।इससे पहले मतदान कर्मियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला उपायुक्त ने जरूरी दिशा-निर्देश दिये।झारखंडी पर्यटन स्थल

1055 मतदान केंद्रों में 8 लाख 85 हजार 62 मतदाता करेंगे वोटिंग

पहले चरण में सरायकेला जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 1055 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। कल 13 नवंबर को पहले चरण में 8 लाख 85 हजार 62 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। जिले में पुरुष से ज्यादा महिला मतदाता हैं। तीन विधानसभा क्षेत्रों में 4 लाख 40 हजार 501 पुरुष मतदाता और 4 लाख



44 हजार 552 महिला मतदाता हैं। जबकि 10657 दिव्यांग मतदाता भी हैं, जिनके लिए मतदान केंद्रों पर विशेष व्यवस्था की गयी है। सरायकेला विधानसभा क्षेत्र की बात करें यहां 3 लाख 69 हजार 195 मतदाता हैं। वहीं खरसावां विधानसभा में 2 लाख 27 हजार 74 और ईचागढ़ में 2 लाख 88 हजार 793 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। सरायकेला जिले में पुरुष से ज्यादा महिला मतदाता हैं। बता दें कि काशी साहू कॉलेज डिस्पैच सेंटर में 23 नवंबर को सुबह 8 बजे से मतगणना भी होगी।

तीन विस क्षेत्रों के लिए की गयी है निवार्ची पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति

बता दें कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त ने तीनों विधानसभा के लिए अलग-अलग निवार्ची पदाधिकारी प्रतिनियुक्त की है। सरायकेला विस के लिए सरायकेला एसडीएम सदानंद महतो, खरसावां विस के लिए अपर उपायुक्त सरायकेला जयवर्धन कुमार और ईचागढ़ विस के लिए चांडिल एसडीएम विकास कुमार राय को निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया है। चुनाव संपन्न कराने के लिए जिले में विभिन्न प्रकार के 561 कार के साथ-साथ 77 मिनी बस और 177 बसों की व्यवस्था रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, सभी मतदान केंद्रों पर ईवीएम के साथ वीवीपैट रहेंगे, जिसमें मतदाता जिसे वोट करेंगे, उसे देख सकेंगे।

## एसआईपी अबेकस इंटरनेशनल प्रोडिजी 2024 में चक्रधरपुर के छात्रों ने लहराया परचम

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोलकाता/चक्रधरपुर:** चक्रधरपुर के 13 छात्रों ने एसआईपी अबेकस इंटरनेशनल प्रोडिजी 2024 में हिस्सा लेकर अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कोलकाता के साइंस सिटी के सामने मिलन मेला प्रांगण में आयोजित इस प्रतियोगिता में 11 देशों के 7,000 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। चक्रधरपुर टीम के 10 छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

इस प्रतियोगिता में रयान कुजूर ने तीसरा रनर-अप ट्रॉफी हासिल की, जबकि आयरा फातिमा, यश कुमार, देवांश राज, स्वराज महतो, नैतिक शर्मा, श्रेया रानी, अरिजा परवीन, सतद्रु मेड्डा, और स्मित हेम्ब्रम को परफॉर्मर अवार्ड्स से नवाजा गया। बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए शिक्षिकाएं मधुमिता सरकार और पूर्णिमा कुमारी तथा सेंटर की कोऑर्डिनेटर माला सील भी उनके साथ गईं।

एसआईपी अबेकस चक्रधरपुर



की डायरेक्टर सुहता रॉय ने बच्चों की इस सफलता पर कहा, हमारी टीम के बच्चों में 5 गुना बेहतर प्रदर्शन की क्षमता है, और एसआईपी अबेकस चक्रधरपुर बच्चों में एकाग्रता, गति और गणना कौशल में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। चक्रधरपुर टीम की इस सफलता ने न केवल समुदाय में गर्व की भावना जगाई, बल्कि क्षेत्र के अन्य बच्चों को भी अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## भाजपा का युवा मिलन समारोह संपन्न

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जामा :** जामा प्रखंड अंतर्गत कैराबनी हाई स्कूल मैदान में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित युवा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में करीब 400 युवकों ने जामा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू के समक्ष भाजपा का दामन थामा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी श्री मुर्मू ने कहा कि आर्शिवाद यात्रा के दौरान क्षेत्र के युवाओं में भाजपा के प्रति विशेष उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने पर क्षेत्र के विकास एवं युवाओं के उज्जवल भविष्य के प्रति संकल्पित हूँ। भाजपा की नीति



और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे व्यापक परिवर्तन से प्रेरित होकर युवाओं ने भाजपा का दामन थामा है यह दशार्ता है कि युवा वर्ग भाजपा की नीतियों और विचारधारा के साथ खड़े है और राज्य में बदलाव के लिए तत्पर है। भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी युवाओं का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं का समर्थन पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करता है इस दिशा में युवाओं की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने राज्य पर हमला करते हुए कहा कि सरकार पांच लाख युवाओं को नौकरी, बेरोजगारों को पांच हजार रुपये प्रतिमाह माह देने का वादा पूरा नहीं किया. युवाओं के भविष्य को

### हिन्दुओं को जाति में बांटने वालों से बड़ा कोई अपराधी नहीं : अंजनी गोस्वामी

धनबाद : निरसा के बेनागोड़िया स्थित राधा गोविंद सेवाश्रम में आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में प्रयागराज से आईं विदुषी अंजनी गोस्वामी ने सोमवार को भगवान के नरसिंह व वामन अवतार की कथा सुनाईं। ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भक्ति की कोई उम्र नहीं होती। पांच वर्ष की उम्र में बालक ध्रुव ने भगवान को पा लिया था। उन्होंने कहा कि आज समाज में सनातन धर्म व हिन्दुओं को जाति-पाति में और देवी-देवता को भी बांटा जा रहा है# वैसे लोगों से बड़ा अपराधी कोई हो ही नहीं सकता है। हमारी जाति हिंदू और धर्म सनातन है। हिंदू जाति को जगाने व समातन धर्म की रक्षा के लिए श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ किया जाता है।मौके पर आचार्य नीतीश कृष्णा, मुख्य यजमान उमापद महतो, उनकी पत्नी कल्पना महतो, शिबू महतो चिंता महतो, सुबल गोराई, भवानी गोराई आदि मौजूद थे।

## युवाओं का समर्थन पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करता है : सुनील सोरेन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** जिले के मसलिया प्रखंड के सपचाला पंचायत के पीछूली, सपचाला, लखीबाद एवं आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को दुमका विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद सुनील सोरेन के नेतृत्व में जन आशीर्वाद यात्रा के तहत क्षेत्र के युवाओं में भाजपा के प्रति विशेष उत्साह देखा गया, और बड़ी संख्या में युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी के प्रति अपना समर्थन जताया।

जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुनील सोरेन ने क्षेत्रवासियों से संवाद किया और राज्य में भाजपा सरकार बनने पर क्षेत्र के विकास एवं युवाओं के उज्जवल भविष्य के प्रति संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे व्यापक परिवर्तन से प्रेरित होकर युवाओं ने भाजपा



का दामन थामा है। यह दशार्ता है कि युवा वर्ग भाजपा की नीतियों और विचारधारा के साथ खड़ा है और राज्य में बदलाव के लिए तत्पर है।

भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी युवाओं का स्वागत करते हुए, दुमका विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सुनील सोरेन ने कहा कि युवाओं का समर्थन पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य सभी को साथ लेकर राज्य के हर क्षेत्र का विकास करना है, और इस दिशा में युवाओं की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सहदेव मरांडी, भुवनेश्वर टुडू, रविशंकर झा, रूसीलाल टुडू, तपन मिर्धा, नीरेन पाल, लालू पाल, बलदेव हांसदा, दिलीप सेन,जीतेश्वर हांसदा, हेमगोपाल मंडल, संतोष दास, लालटू हांसदा , सुपलाल सोरेन, नुनुधन सोरेन, चंदसोना बास्की, परमधन मोहली, नेपाल दे, अमित झा, उमेश चंद्र झा, कुंता मंडल, कांचन दास, अंबिका महतो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गांव को सड़क से जोड़ा जाएगा : डॉ लुईस मरांडी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जामा:** जामा विधानसभा क्षेत्र के जामा प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा बूथ सम्मेलन का आयोजन सोमवार को कुरमन मैदान पर किया गया। जिसमें जामा विधानसभा क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी डॉ. लुईस मरांडी के अलावे दुमका संसदीय क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद नलिन सोरेन मौजूद थे। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी डॉ. लुईस मरांडी ने जामा के सभी 116 बूथ के कार्यकताओं से बारी बारी से बात किया। इसके उपरांत अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मैं लगभग दस दिन से जामा विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रही हूं। जामा में विकास का कोई कार्य धरातल पर नहीं दिख रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें जामा के विकास का बागडोर सौंपा गया है। लेकिन इसके लिये हमें जीताकर विधानसभा तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ कमिटी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का कार्य करना है। उन्होंने बताया कि यहां काफी खेती की जाती है। जिसको बढ़ावा देने की जरूरत है। पानी, बिजली सहित सुदूर इलाके के सभी गांव को सड़क से जोड़ा जायेगा। इसके उपरांत दुमका संसदीय क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद नलिन सोरेन ने बूथ सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि महिलाओं की भागेदारी से ही विकास संभव हो पायेगा। सभी लोग 20 नवंबर को सब काम छोड़कर पहले मतदान करने का कार्य करेंगे। इस दौरान दर्जनों कार्यकताओं को झामुमो का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष कालेश्वर मुर्म, सचिव सत्तार खां, प्रमुख बसंती ज्योतिका मुर्मू, बाबुल यादव, गौतम दर्वे, सविता सोरेन, जे.पी यादव, सनत हांसदा, विभीषण मुर्मू, काजल मुखर्जी, दिलीप दत्ता, लंबोदर यादव, चंपा देवी, दुर्गा मुर्मू, निर्मल बेसरा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

